# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 26 अप्रैल 2026

संवत 2083, वैशाख शुक्ल 10 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 221, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ अब महिलाएं सिर्फ घर नहीं संभालती

रणवीर फरहान को देंगे 10 कासेड 6


# जमीन कारोबारी की अपहरण के बाद हत्या, कई हिरासत में

## एसपी ने कहा- होगी सख्त कार्रवाई

**मेंट्रो रेज**

**पलामू:** जिले से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। शहर के जाने-माने जमीन कारोबारी विनीत तिवारी का बीती देर रात अज्ञात अपराधियों ने अपहरण कर लिया। इसके बाद उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। रविवार सुबह उनका शव सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके में नग्न अवस्था में बरामद हुआ। जानकारी के मुताबिक, अपराधियों ने पूरी वारदात को बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि विनीत तिवारी को पहले फिल्मी अंदाज में अगवा किया गया, जिससे यह साफ है कि अपराधी पहले से पूरी



तैयारी में थे।

परिजनों में मचा कोहराम, थाना पहुंचे : घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन शहर थाना पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने तत्काल पलामू एसपी से भी मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। परिजनों ने आशंका जताई है कि यह वारदात जमीन विवाद या आपसी रंजिश के कारण की गई हो सकती है। पुलिस ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

### डकैती का असफल प्रयास

**खूंटी :** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के डेहकेला गांव में बीती देर रात डकैती की बड़ी कोशिश सामने आई, जिसे ग्रामीणों की बहादुरी और पुलिस की तत्परता ने नाकाम कर दिया। इस दौरान पिता-पुत्र ने साहस दिखाते हुए एक डकैत को पकड़ लिया, हालांकि हाथापाई में बेटे को गोली भी लग गई। जानकारी के मुताबिक, केदार अहिर शनिवार देर रात सरवादा बाजार से दुकानदारी कर अपने घर लौटे थे। जैसे ही वे घर पहुंचे, उसी समय 6-7 बाइक पर सवार होकर आए हथियारबंद डकैतों ने उनके घर को घेर लिया। डकैतों ने केदार अहिर पर पिस्टल तान दी और दहशत फैलाने की कोशिश की, लेकिन फायरिंग के बावजूद गोली नहीं चली। इसके बाद केदार अहिर ने साहस दिखाते हुए डकैतों का विरोध शुरू कर दिया।

बेटे को लगी गोली, फिर भी नहीं छोड़ा संघर्षः इस बीच केदार अहिर का बेटा रुसू अहिर भी पिता की मदद के लिए आगे आया और डकैतों से भिड़ गया। हाथापाई के दौरान दोनों ने एक डकैत को पकड़ लिया। इसी दौरान दूसरे अपराधी ने रुसू पर गोली चला दी, जो उसके जांघ के पास लग गई। घायल होने के बावजूद रुसू और उसके पिता ने हिम्मत नहीं हारी और पकड़े गए डकैत को नहीं छोड़ा।


ग्रामीणों की मदद से एक अपराधी पकड़ा गयाः गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख डकैत भागने लगे, लेकिन इस दौरान एक अपराधी खुदीराम ओड़ेया को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने पकड़े गए आरोपी की पिटाई कर दी। हालात तनावपूर्ण होने पर खूंटी एसडीपीओ वरुण कुमार रजक और मुरहू थाना प्रभारी नायाल गोडविन केरकेट्टा मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य फरार अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

## मन की बात

# विश्व की सबसे बड़ी जनगणना अपने देश में शुरू हो चुकी है, इसे सफल बनाएंः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री ने जनगणना में सबसे सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 2027 में पूरा होने वाली यह जनगणना विश्व की सबसे बड़ी जनगणना है। इसमें सबको सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार, मन की बात की शुरूआत देश की बड़ी कामयाबी से करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा साइंस को देश की तरक्की से जोड़कर देखा है। इसी सोच के साथ, हमारे साइंटिस्ट स्पेस प्रोग्राम को आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी कोशिशों की वजह से स्पेस प्रोग्राम काफी उन्नत हो चुका है।

**देश का डेयरी उद्योग काफी तरक्की कर रहा हैः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के डेयरी उद्योग के बारे में बात किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विभिन्न प्रकार के चीज बनाए जाते हैं। जो सिर्फ गाय और भैंस के दूध से ही नहीं बनते हैं, बल्कि याक, ऊंट और अन्य जानवरों के दूध से भी बनाए जाते हैं। भारत में जो विभिन्न प्रकार के चीज बनाए जाते हैं, उनकी विदेशों में काफी



मांग भी है।

**गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर को किया यादः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के अपने संबोधन में गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर को याद किया और कहा कि हम उनकी जयंती मनाने वाले हैं। वे एक महान विचारक और विभिन्न संस्थाओं को बनाने वाले थे। मई के महीने में 1857 का विद्रोह हुआ था, इसलिए प्रधानमंत्री ने उस स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को भी याद किया। प्रधानमंत्री ने देश में मनाए गए नववर्ष और त्योहारों का जिक्र भी किया। उन्होंने बच्चों से यह आग्रह किया कि उनकी छुट्टियां शुरू होने वाली है, तो वे इन छुट्टियां का भरपूर इस्तेमाल करें और कुछ नया सीखने का प्रयास भी करें।

## भारतीय सेना का आतंकवाद को कड़ा संदेश

# दुस्साहस किया तो भुगतना होगा सटीक और स्थायी परिणाम





**नई दिल्ली :** ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ से कुछ दिन पहले, भारतीय सेना ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों से जुड़े नौ आतंकी शिविरों को नष्ट करने वाले सटीक हमलों के बारे में बताया है। सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सटीक लक्ष्यीकरण। आतंकवाद पर निशाना। स्थायी परिणाम।

इस पोस्ट के साथ 9 आतंकी शिविर नष्ट और भारत नहीं भूलताह्व शीर्षक वाली एक तस्वीर भी थी, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए हमलों के दौरान एक कमांड सेंटर को दर्शाया गया था। इससे पहले शुक्रवार को सेना ने आत्मनिर्भर भारत की तैयारियों पर जोर देते हुए एक और पोस्ट साझा किया था। पोस्ट में लिखा था, एक नया सामान्य। एक नई रणनीति। पुनर्समायोजित। सुदृढ़। तैयार। आत्मनिर्भर भारत तैयार है। इस वीडियो में ऑपरेशन के बाद किए गए सुधारों को उजागर किया गया, जिनमें 50 नई मिशन-रेडी यूनिटें, चार अतिरिक्त संरचनाएं, पांच लाख से अधिक नवीनतम हथियार, दो लाख से अधिक नए उपकरण और आठ आतंकवाद-विरोधी परिचालन ढांचे शामिल हैं। 22 अप्रैल को भारत ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी मनाई थी। इस हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पर्यटकों के धर्म की पहचान करने के बाद उनकी हत्या कर दी थी। तब भी सेना ने आतंकी कृत्यों का दृढ़ता से जवाब देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया था।

भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर चेतावनी जारी करते हुए कहा कि देश के खिलाफ किसी भी प्रकार के दुराचार का करारा जवाब दिया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सेना ने कहा, भारत के खिलाफ कृत्यों का जवाब निश्चित है। न्याय जरूर मिलेगा। हमेशा इसके साथ ही, ऑपरेशन महादेव की एक तस्वीर भी साझा की गई, जिसमें लाल रंग में यह तो होना ही था। टैगलाइन लिखी हुई थी। यह हमले में शामिल आतंकवादियों की गहन तलाशी और उन्हें मार गिराने की प्रक्रिया को दर्शाता है।

22 अप्रैल के हमले के तुरंत बाद ऑपरेशन महादेव शुरू किया गया था। इसमें दाचीगाम/महादेव रिज के पास दुर्गम हिमालयी भूभाग में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप तीन मुख्य हमलावरों को मार गिराया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने 93 दिनों तक 300 वर्ग किलोमीटर से अधिक के दुर्गम भूभाग की तलाशी ली और अंततः आतंकवादियों को मार गिराया।

पहलगाम की बरसी से एक दिन पहले, भारतीय सेना ने न्याय के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया और कड़ी चेतावनी जारी की कि मानवता की सीमाओं का कोई भी उल्लंघन निर्णायक प्रतिक्रिया को आमंत्रित करेगा। भारतीय सेना ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक कड़े शब्दों वाले पोस्ट में कहा, जब मानवता की सीमाएं पार की जाती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है। न्याय मिल गया है। भारत एकजुट है।

इस पोस्ट के साथ एक संदेश भी था जिसमें लिखा था, कुछ सीमाएं कभी पार नहीं की जानी चाहिए, जिसमें भारत का एक नक्शा दिखाया गया था जिस पर लाल सिंदूर पाउडर से निशान लगाए गए थे, जो ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के खिलाफ सेना की निर्णायक कार्रवाई का प्रतीक था।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

# टेकऑफ के दौरान स्विस फ्लाइट के इंजन में लगी आग

**नई दिल्लीः** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक बड़ा विमान हादसा होते-होते टल गया। ज्यूरिख जाने वाली स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या एलएक्स 147 के इंजन में टेकऑफ के दौरान तकनीकी खराबी आने से आग लग गई। खतरे की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट पर 'फुल इमरजेंसी' घोषित कर दी गई और पायलट ने उड़ान भरने की कोशिश रोक दी। इस घटना में सभी यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित हैं, हालांकि इमरजेंसी रेस्क्यू के दौरान कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

टेकऑफ के दौरान इंजन में आई खराबीः यह घटना रात करीब 1:08 बजे की है। स्विस एयर का यह एयरबस ए330 विमान रनवे से उड़ान भरने के लिए तैयार था। जैसे ही विमान ने



गति पकड़ी, पायलट ने विमान के बाएं हिस्से से धुआं निकलता देखा और लैंडिंग गियर के पास आग लगने की पुष्टि हुई। पायलट ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल उड़ान भरने की प्रक्रिया को रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

इमरजेंसी स्लाइड्स से सुरक्षित रेस्क्यूः विमान में 228 यात्री, 4 शिशु और 13 क्रू मेंबर सवार थे। खतरे को देखते हुए एयरलाइन ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान को खाली कराने का फैसला लिया। यात्रियों को बाहर निकालने के लिए इमरजेंसी स्लाइड्स का इस्तेमाल किया गया, जबकि जो यात्री स्लाइड्स का उपयोग नहीं कर सके, उनके लिए सीढ़ियों का इंतजाम किया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से टर्मिनल बिल्डिंग तक पहुंचाया गया।

यात्रियों को आई मामूली चोटेंः रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। इमरजेंसी स्लाइड से तेजी से नीचे उतरने के दौरान हुई आपाधापी में यात्रियों को चोट लगी। शुरूआती जानकारी में 3 यात्रियों के घायल होने की बात सामने आई थी, हालांकि एयरलाइन ने बताया है कि 6 यात्रियों का इलाज चल रहा है। सभी घायल यात्रियों को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी स्थिति अब स्थिर है।

# यात्री बस से गिरकर महिला की मौत



**चतराः** जिले के सदर थाना क्षेत्र के सीमा गांव के पास बस से उतरने के दौरान 32 वर्षीय रीता देवी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला राज यात्री बस से चतरा से टंडवा की ओर लौट रही थीं। सीमा चौक पर बस रुकने के बाद रीता देवी उतर रही थीं। तभी उनका एक पैर अभी पायदान पर ही था कि चालक ने अचानक बस आगे बढ़ा दी।असंतुलित होकर वह सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। रीता देवी पहले से ही विधवा थी। घटना शनिवार देर शाम की है।घटना से नाराज ग्रामीणों ने देर रात करीब 2 बजे से चतरा-सिमरिया मुख्य पथ को जाम कर दिया। शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।जाम करीब 10 घंटे तक जारी रहा। ग्रामीणों का आरोप था कि बस चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। ऐसे मामलों में अक्सर प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। आक्रोश इतना था कि पूरी रात सड़क पर तनाव का माहौल बना रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आज सुबह सदर प्रखंड के अंचल अधिकारी अनिल कुमार और थाना प्रभारी अवधेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और परिजनों से लंबी वार्ता की। ग्रामीणों की मृतका के बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा और भविष्य के लिए उचित मुआवजा देने की मांग थी। सीओ अनिल कुमार ने सरकारी प्रावधानों के तहत त्वरित मुआवजा और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम समाप्त कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को जब्त कर लिया है। चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता**



**पलामूः** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के बजराहा पुल के समीप रविवार दोपहर करीब एक बजे एक व्यक्ति की पैसेंजर ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई. मृतक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के सिरमा गांव निवासी सुनील दुबे (56 वर्ष) के रूप में हुई है. सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घटना के बाद से परिवार में मातम छा गया।

परिजनों के अनुसार सुनील दुबे रविवार को कजरी रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन पकड़कर अपने रिश्तेदार के घर बरवाडीह जा रहे थे. इसी दौरान बजराहा पुल के पास अचानक ट्रेन से गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने परिजनों को दी. घटना की जानकारी होने पर मौके पर पुलिस पहुंची एवं शव को कब्जे में ले लिया. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# व्हाइट हाउस डिनर में चली गोलियां, मंच से निकाले गए प्रेसिडेंट ट्रंप, कार्यक्रम हुआ रद्द

**वाशिंगटन/एजेंसीः** अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास व्हाइट हाउस में संवाददाताओं के वार्षिक रात्रिभोज के दौरान गोलीबारी की घटना से मची अफरातफरी के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य प्रमुख नेताओं को कार्यक्रम स्थल से बाहर निकाला गया। प्रारंभिक तौर पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक कानून-प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात हमलावर ने गोलीबारी की।

अधिकारियों के अनुसार, यह घटना उस बॉलरूम के बाहर हुई जहां ट्रंप और अन्य अतिथि मौजूद थे। हालांकि, घटना के सटीक कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका। कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है और इसे बाद में आयोजित किया जाएगा। व्हाइट हाउस संवाददाताओं के संघ की अध्यक्ष वेइजिया जियांग ने कहा,हम इसे फिर से आयोजित करेंगे। घटना के तुरंत बाद कर्मचारियों ने टेबल



साज-सज्जा और राष्ट्रपति के भाषण मंच को हटाना शुरू कर दिया।

कथित घटना के बाद वॉशिंगटन हिल्टन के बैंक्वेट हॉल में सीक्रेट सर्विस और अन्य एजेंसियों के अधिकारी बड़ी संख्या में पंहुचे, जहां सैकड़ों अतिथि स्प्रिंग पी और बुराटा सलाद का आनंद ले रहे थे। उन्हें अचानक टेबलों के नीचे छिपने को मजबूर होना पड़ा। जैसे ही लोगों को स्थिति का एहसास हुआ, बॉलरूम में दहशत फैल गई। सैकड़ों पत्रकार सूचनाएं साझा करने के लिए फोन पर जुट गए। किसी को चिल्लाते हुए सुना गया हट जाइए, सर! जबकि कुछ लोग निर्देश दे रहे थे कि झुक जाइए। एक कोने से गॉड ब्लेस अमेरिका की आवाजें भी सुनाई दीं।

### व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में हुई गोलीबारी निंदनीय, लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरीका में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी की घटना की निंदा की है। श्री मोदी ने रविवार को इस घटना की निंदा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, प्रथम महिला मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की सुरक्षा पर राहत व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि वाशिंगटन डीसी के एक होटल में हुई गोलीबारी के बाद यह जानकर राहत मिली कि श्री ट्रंप, प्रथम महिला और उपराष्ट्रपति सुरक्षित और सकुशल हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। गौरतलब है कि शनिवार रात (भारतीय समयानुसार 26 अप्रैल सुबह 6:06 बजे) वांशिंगटन में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन (डब्लूएचसीए) की तरफ से आयोजित एक रात्रिभोज के दौरान गोलियां चलाई गई। इस रात्रिभोज में श्री ट्रंप, उनकी पत्नी, उपराष्ट्रपति, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इसी बीच ट्रंप को मंच से सुरक्षित बाहर ले जाया गया। इस दौरान वह क्षण भर के लिए, संभवतः ठोकर लगने से, लड़खड़ाए और सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें तुरंत संभाल लिया। एक कानून-प्रवर्तन अधिकारी ने गोलीबारी की पुष्टि की। हालांकि विस्तृत जानकारी तत्काल उपलब्ध नहीं हो सकी। सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा में रहने वाले सभी अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एक कानून-प्रवर्तन कर्मी को बुलेट-प्रूफ जैकेट पर गोली लगी, लेकिन उसके सुरक्षित रहने की उम्मीद है।

शादी की खुशियां मातम में बदलीं

# दो ट्रकों के बीच पिसी कार, एक ही परिवार के 6 लोगों की दर्दनाक मौत

संवाददाता



**हजारीबाग :** जिले स्थित चौपारण की दनुआ घाटी में शनिवार को एक रूह कंपा देने वाले सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर कोलियरी में लाइनमैन के पद पर कार्यरत शिव कुमार भुइयां अपने परिवार के साथ कार से गयाजी के आमस में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार काल का ग्रास बन गई। यह हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से मलबे के ढेर में तब्दील हो गई और कार सवार किसी भी व्यक्ति को बचने का मौका नहीं मिला।

आगे ट्रेलर और पीछे से ट्रक ने मारी जोरदार टक्करः यह दर्दनाक हादसा चौपारण की दनुआ घाटी के जोड़राही पुल के पास हुआ। शिव कुमार की धनबाद नंबर प्लेट वाली कार अचानक आगे चल रहे एक ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी। इससे पहले कि कार सवार लोग कुछ समझ पाते, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। दो भारी वाहनों के बीच दबने से कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद ट्रक और ट्रेलर के चालक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर चौपारण पुलिस और एनएचएआई की बचाव टीम मौके पर पहुंची। धनबाद नंबर की कार होने के कारण पुलिस ने वहां संपर्क किया, जिसके बाद मृतकों की पहचान हो सकी।

गैस कटर से काटकर निकाले गए क्षत-विक्षत शवः हादसे का मंजर इतना खौफनाक था कि कार में फंसे शवों को निकालने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से गैस कटर और अन्य उपकरणों का इस्तेमाल कर शवों को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान शिव कुमार भुइयां (45), उनकी पत्नी रूबी देवी (38), बड़ी बेटी सोनी (12), छोटी बेटी सुहानी (9), साले का बेटा प्रेम (7) और शिव कुमार के ससुर के रूप में हुई है। शवों की स्थिति इतनी बुरी थी कि उन्हें देखकर पत्थर दिल इंसान की आंखें भी छलक उठें। घुप अंधेरे और खतरनाक मोड़ों के कारण हुए इस हादसे में मासूम बच्चों के शव तक पहचान में नहीं आ रहे थे। गौरतलब है कि दनुआ घाटी क्षेत्र अब राहगीरों के लिए मौत का पर्याय बन चुका है, जहां पिछले चार दिनों में यह लगातार पांचवीं बड़ी दुर्घटना है।

घर में अकेला रह गया बेटा, कॉलोनी में पसरा सन्नाटाः इस खौफनाक हादसे ने पूरे परिवार को खत्म कर दिया है और अब परिवार में केवल शिव कुमार का इकलौता बेटा रंजीत कुमार ही बचा है। जानकारी के मुताबिक, शिव कुमार शनिवार दोपहर करीब 12 बजे परिवार के साथ गयाजी के लिए निकले थे, लेकिन बेटा रंजीत बुदौरा स्थित आवास पर ही रुक गया था। रात करीब आठ बजे जब बुदौरा कॉलोनी में इस हादसे की मनहूस खबर पहुंची, तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और शोक की लहर दौड़ गई। पड़ोसियों ने फिलहाल रंजीत को केवल दुर्घटना होने की बात बताई है, क्योंकि कोई भी समझ नहीं पा रहा है कि उस बेटे को उसके पूरे परिवार के छिन जाने की खौफनाक सच्चाई कैसे बताई जाए।

उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता व पारदर्शिता सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



संवाददाता

**चतराः** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने शनिवार को सदर अस्पताल, चतरा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन कर आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना रहा।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों, ओपीडी कक्षों, इमरजेंसी यूनिट, प्रसूति वार्ड, शिशु वार्ड, दवा भंडारण कक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए ड्यूटी रोस्टर के अनुपालन की भी जांच की तथा सभी को समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की स्थिति, उनके रख-रखाव एवं वितरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की आवश्यकता न पड़े। साथ ही उन्होंने मरीजों से संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं, उपचार की गुणवत्ता एवं किसी प्रकार की कठिनाई के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी चिकित्सक एवं कर्मी मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी व्यवहार अपनाएं तथा प्रत्येक मरीज को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से पहुंचे तथा अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान किया जाए। उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि आमजनों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जा सके।

## सिल्ली बुंडू चौक पर हाइवा खराब होने से आवाजाही में परेशानी



संवाददाता

**रांचीः** रविवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे ओवरलोड बालू लदा हाइवा सिल्ली बुंडू चौक पर अचानक खराब हो गया। जिसे दिनभर राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा. स्थानीय लोग चौक में चर्चा कर रहे थे कि रोजाना बड़ी संख्या में हाइवा, टिपर हाइवा राढू नदी के झाबरी श्यामनगर, बंता हजाम, तेतला आदि बालू घाटों रातभर अवैध बालू की ढूलाई होती है। रोड किनारे जिसका घर है वे रात भर गाड़ियों की तेज रफ्तार आवाज से ठीक से सो नहीं पाते हैं। बालू लदे गाड़ियों से आये दिन दुर्घटना तो आम है। बताया जाता है कि उक्त अवैध बालू लदा हाइवा जेएच01ईओ- 8151 का मालिक गोंदुली पोखर निवासी अनिकेत साहू है।



## हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो घायल, रेफर

**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को दो अलग अलग सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप घायल हो गए। पहली घटना वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर - जोरी मुख्य पथ पर निंजरा बजरंगबली मंदिर के समीप घटी जहां जोरी बाजार से वापस अपने घर हारा लौट रहे युवक का बाइक एक अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। जिसके बाद युवक का बाइक असंतुलित हो गया और वह सड़क पर जा गिरा। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि ग्रामीणों और राहगीरों ने घायल युवक को आनन फानन में निजी वाहन से स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। घायल युवक की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हारा गांव निवासी लालू सिंह के 20 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक का एक पैर फ्रैक्चर बताया जा रहा है। दूसरी घटना हंटरगंज - शेरघाटी मुख्य पथ पर शनिवार दोपहर सोनवर्षा जंगल के समीप घटी। जहां चतरा से सब्जी खाली करवाकर एक बाइक सवार युवक वापस अपने घर जा इस था।इसी दौरान उसका बाइक विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर हो गई जिसके बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया घायल युवक की पहचान बिहार के गयाजी जिले के आमस थाना क्षेत्र के कोच्चि मालियांननचक गांव निवासी युग प्रजापति के 35 वर्षीय पुत्र उपेंद्र प्रजापति रूप में हुई है। हालांकि बाइक पर उसके साथ सवार इसी गांव के आनंद कुमार को भी हल्की चोट पहुंची है।



## जनता दरबार में आई शिकायत पर त्वरित पहल

**चतराः** जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यशैली का एक सकारात्मक उदाहरण सामने आया है। चतरा सदर प्रखंड अंतर्गत ढंगरटोली की निवासी कलावती देवी ने 24 अप्रैल को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उपस्थित होकर अपने पति के निधन के उपरांत उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों से अवगत कराते हुए राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना से जोड़ने का अनुरोध किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने तत्काल सामाजिक सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित कराई।

इसके फलस्वरूप मात्र एक दिन के भीतर 25 अप्रैल को उपायुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में लाभुक कलावती देवी को स्वयं अपने हाथों से राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र सौंपा।लाभुक ने त्वरित कार्रवाई एवं संवेदनशील पहल के लिए जिला प्रशासन एवं राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उन्हें कठिन समय में बड़ी राहत मिली है।

## सड़क हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल, हजारीबाग रेफर



**चतराः** चतरा-बगरा मार्ग पर पनसलवा के पास एक तेज रफ्तार ऑटो ने राह चलती महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल की पहचान लावालौंग निवासी यशोदा देवी पति जगदेव गंझू के रूप में हुई है। मानवीय पहलू दिखाते हुए, टक्कर मारने वाले ऑटो चालक ने ही घायल महिला को तत्काल चतरा सदर अस्पताल पहुँचाया और भर्ती कराया। अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया है। फिलहाल महिला की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।



## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में अंतरसदनीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**चतराः** जिले के सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नियमित अंतरसदनीय (इंटर हाउस) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना,टीम भावना विकसित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना था।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए।कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों के लिए बीज अंकुरण गतिविधि आयोजित की गई।इस गतिविधि में छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रकृति तथा विज्ञान के प्रति अपनी समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की छात्रा आर्या जया मेहता (विवेकानंद सदन) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं कक्षा तृतीय की छात्रा आशी सिंह (दयानंद सदन) ने द्वितीय स्थान हासिल किया तथा अनी सिंह (हंसराज सदन) को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही कक्षा छः से बारहवीं तक के छात्रों के लिए सामान्य विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस बौद्धिक प्रतियोगिता में सभी सदनों के विद्यार्थियों ने अपनी ज्ञान क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में हंसराज सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।श्रद्धानंद सदन द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि विवेकानंद सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया।विद्यालय के प्राचार्य साहिल ठाकरान ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है, टीम वर्क की भावना विकसित होती है और उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है।कार्यक्रम के सफल संचालन में निर्णायक मंडली के रूप में शिक्षक एसके पाण्डेय,ए. मिश्रा और अनीता सोनी ने अहम भूमिका निभाई।

# अवैध अफीम तस्करी का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार,एक फरार

संवाददाता




**खूंटीः** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मुरहू थाना क्षेत्र में की गई त्वरित कार्रवाई में अफीम की खरीद-बिक्री करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल को सुबह करीब 10:10 बजे पुलिस अधीक्षक खूंटी को सूचना मिली कि मुरहू थाना अंतर्गत नील फैक्ट्री के पास कुछ लोग बंदगांव की ओर से अवैध अफीम (लासा) लेकर आ रहे हैं और कुछ लोग रांची की तरफ से इसे खरीदने पहुंचने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चाईबासा मुख्य मार्ग स्थित नील फैक्ट्री के समीप पहुंचकर घेराबंदी की। वहां दो मोटरसाइकिल–एक लाल-काला रंग की पल्सर और दूसरी आर्मी ग्रीन रंग की बुलेट–सड़क किनारे खड़ी मिलीं। पास की झाड़ियों के निकट चार व्यक्ति आपस में बातचीत कर रहे थे। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर तीन आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय जगदीश डहांगा, ग्राम बामनोम, थाना बंदगांव, जिला पश्चिम सिंहभूम।

27 वर्षीय जबार पूर्ति , ग्राम कमरोड़, थाना गुदड़ी, जिला पश्चिम सिंहभूम।

और 23 वर्षीय रैजीश केरकेट्टा, ग्राम गझरिया, थाना केरसई, जिला सिमडेगा के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान इनके पास से 980 ग्राम अवैध अफीम, दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन तथा एक काला बैग और थैला बरामद किया। जब्त सामानों की कुल अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने अफीम की खरीद-बिक्री में शामिल होने की बात स्वीकार की है। फरार आरोपी की तलाश के लिए छापेमारी जारी है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, पुलिस निरीक्षक फ्रांसिस जेबियर बाड़ा, थाना प्रभारी नायल गोड़विन केरकेट्टा समेत मुरहू थाना के अन्य पुलिसकर्मी और तकनीकी शाखा की टीम शामिल रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यभर में 434 केंद्रों पर झारखंड पात्रता परीक्षा संपन्न, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

संवाददाता

**रांची:** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा (जेटेट) 2026 रविवार को राज्यभर में शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। परीक्षा का आयोजन रांची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग और देवघर सहित कुल 6 जिलों में किया गया, जहां लगभग 1.75 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। राज्यभर में कुल 434 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें रांची में 117, जमशेदपुर में 93, धनबाद में 70 और हजारीबाग में 67 केंद्र थे।

**परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की गई:** परीक्षा एक ही पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से व्यापक



तैयारी की थी। सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। संवेदनशील केंद्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त बल की व्यवस्था की गई, जबकि उड़नदस्ता टीमों को लगातार सक्रिय रखा गया।

**परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रही:** विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जिलों में परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रही। इसके तहत पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लेकर चलने और किसी भी प्रकार की सभा या प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। प्रशासन की सख्ती का असर पूरे राज्य में देखने को मिला और केंद्रों के आसपास पूरी तरह नियंत्रित एवं शांत वातावरण बना रहा।

**आईआरआईएस अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया:** इस बार परीक्षा में आधुनिक तकनीक का भी प्रभावी उपयोग किया गया। परीक्षार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाने के लिए आईआरआईएस अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया। इसके अलावा कई केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई और कुछ स्थानों पर लाइव मॉनिटरिंग भी की गई। प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई तथा मोबाइल, स्मार्ट वॉच जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू रहा।

रांची सहित अन्य जिलों में उपायुक्तों के नेतृत्व में परीक्षा संचालन की लगातार मॉनिटरिंग की गई। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासनिक सतर्कता और समन्वय के कारण पूरे राज्य में परीक्षा प्रक्रिया व्यवस्थित, नियंत्रित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

**अनुशासित माहौल के बीच परीक्षा:** परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थियों ने भी प्रशासन की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। समय पर प्रवेश, स्पष्ट दिशा-निर्देश, सख्त लेकिन सहयोगपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासित माहौल के बीच परीक्षा देने में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। कई अभ्यर्थियों ने कहा कि बेहतर प्रबंधन के कारण वे बिना तनाव के परीक्षा दे सके।

**सेंटर आवंटन को लेकर आपत्ति:** हालांकि, परीक्षा शांतिपूर्ण रहने के बावजूद कुछ परीक्षार्थियों ने सेंटर आवंटन को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। अभ्यर्थियों का कहना है कि पर्याप्त संख्या में केंद्र उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें दूसरे जिलों के सुदूर क्षेत्रों में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए, जिससे उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ी और आवागमन और समय प्रबंधन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई परीक्षार्थियों ने भविष्य में इस प्रक्रिया को और संतुलित बनाने की मांग की है।

# आसमान से बरस रही आग, चार साल बाद रांची में पारा 40 के पार

## डालटनगंज में तापमान 44.06 डिग्री तक पहुंचा

संवाददाता

**रांची:** झारखंड में अप्रैल महीने में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शनिवार इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के आठ जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। इनमें रांची, पलामू, सरायकेला-खरसावां, चाईबासा, कोडरमा, गोड्डा, जमशेदपुर और बोकारो शामिल है। राज्य में सबसे अधिक तापमान डालटनगंज में 44.6 डिग्री दर्ज किया गया। रांची का अधिकतम तापमान 1.9 डिग्री बढ़कर 40.8 डिग्री तक पहुंच गया। इससे पहले अप्रैल 2022 में रांची का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया था। जमशेदपुर में में 40.3 डिग्री, बोकारो में 41.2 डिग्री और कोडरमा में 41.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।



**करवट लेगी मौसमः** मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार से मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं। 26 अप्रैल से राज्य के कई हिस्सों में गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। रविवार को उत्तर-पूर्वी और मध्य भागों के जिलों बोकारो,धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज में कहीं-कहीं ओलावृष्टि, मेघगर्जन, वज्रपात और 50 से 60 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है। 27 और 28 अप्रैल को रांची सहित कई जिलों में इसी तरक का मौसम रहने की संभावना है।

**आज और कल रांची-खूंटी में ओलावृष्टि और तेज हवा चलने की संभावनाः** 26 और 2 अप्रैल से रांची, खूंटी, बोकारो और हजारीबाग ओलावृष्टि की संभावना अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान हवा की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में 29 अप्रैल तक अधिकतम तापमान गिरकर 37 डिग्री तक आ सकता है। हालांकि बारिश के बाद वातावरण में नमी बढ़ने से उमस महसूस हो सकती है, लेकिन सुबह और शाम की ठंडी हवाएं लोगों को राहत देंगी।

# रांची के युवा इंजीनियर की पुस्तक डिजिटल फूटप्रिंट्स फॉर सॉफ्वेटवेयर इंजीनियर बनी चर्चा का विषय

## आय कैंसर मरीजों के इलाज हेतु समर्पित

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के रातू निवासी एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी पुस्तक डिजिटल फूटप्रिंट्स फॉर सॉफ्वेटवेयर इंजीनियर के माध्यम से तकनीकी जगत में एक सराहनीय पहल की है। हाल ही में उन्होंने भारत सरकार में रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें अपनी पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर युवा नेता यश सिंह परमार भी उपस्थित रहे।

लेखक, जिनके पिता का नाम लाल संजय शाहदेव है, वर्तमान में सैन फ्रांसिस्को स्थित एक अक स्टार्टअप में इंजीनियरिंग का नेतृत्व कर रहे हैं। वे गीटहब स्टार के



रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं और तीन बार वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके साथ ही, उन्होंने स्मार्ट इंडिया हैकेथोन जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है, जो डिजिटल मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यह पुस्तक विशेष रूप से इंजीनियरिंग छात्रों और सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को ध्यान में रखकर लिखी गई है। इसमें डिजिटल युग में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक स्किल्स, इंडस्ट्री की मांग और व्यावहारिक मार्गदर्शन को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगी।

डिजिटल फूटप्रिंट्स फॉर सॉफ्वेटवेयर इंजीनियर पुस्तक ॲमेजन और फ्लीपकार्ट और जैसे प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है, जहां से इसे आसानी से खरीदा जा सकता है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता बीके राय का निधन



**रांची:** रांची जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता बीके राय का निधन हो गया है। रविवार को इसके निधन की सूचना मिलते ही सिविल कोर्ट परिसर में सन्नाटा पसर गया। बीके राय रांची सिविल कोर्ट के उन पुराने और अनुभवी अधिवक्ताओं में गिने जाते थे जिन्होंने न केवल कानून की बारीकियों को समझा बल्कि हमेशाजूनियर वकीलों का मार्गदर्शन भी किया । जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के रूप में वे अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए रांची जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने इसे एसोसिएशन के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया माता जानकी जन्मोत्सव

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी के कचहरी चौक स्थित बाबा विद्यापति स्मारक समिति के प्रधान कार्यालय में माता जानकी (सीता) का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान महासचिव मृत्युंजय झा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ब्राह्मण महासभा के प्रांतीय संयोजक मनोज कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता जानकी के चरणों में पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखी गई।मुख्य अतिथि मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि माता सीता भारतीय संस्कृति में आदर्श नारी के रूप में पूजनीय हैं।



वे माता लक्ष्मी का अवतार एवं भगवान श्रीराम की धर्मपत्नी हैं। मिथिला के राजा जनक की पुत्री होने के कारण उन्हें जानकी और जनकसुता कहा जाता है। उन्होंने बताया कि माता जानकी का जन्म बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में हुआ था। मान्यता के अनुसार राजा जनक के खेत में हल चलाने के दौरान मिट्टी के कलश से माता प्रकट हुई थीं, इसी कारण उन्हें भूमिपुत्री भी कहा जाता है।समिति के महासचिव मृत्युंजय झा ने कहा कि माता सीता पवित्रता, प्रेम, समर्पण और सहनशीलता की प्रतीक हैं, जिनका जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन समिति की कानूनी सलाहकार श्रीमती छवि झा ने किया। इस मौके पर मनोज कुमार झा, पवन कुमार झा, राजेश कुमार झा, अमित कुमार झा, पवन कुमार सोनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# देवी ड्रेसेस के संचालक व समाजसेवी महंत प्रसाद का निधन

मेट्रो रेज

**रांची:** शौंडिक संघ से बीरेंद्र साहु ने बताया कि रातु रोड न्यू मार्केट में देवी ड्रेसेस के संचालक वरीय समाजसेवी महंत प्रसाद का आज सुबह दिल्ली में ह्रदय गति रुकने से देहांत हो गया। दिल्ली में उनके साथ उनकी अर्धांगिनी, दोनों पुत्र एवं बहु उनके साथ मौजूद रहे। चार दिन पहले दुबई से उन्हें दिल्ली लाया गया था, दिल्ली में ही 26, अप्रैल को उनका निधन हो गया। उनके परिवार से दीपक प्रसाद से कार्यक्रम के विषय में पूछने पर बताया कि महंत प्रसाद का पार्थिव शरीर हवाई मार्ग से रात्रि 8 बजे राँची पहुंचेगा। रातु रोड इंद्रपुरी उनके निजी आवास से कल दिनांक 27 अप्रैल को उनके



परिवारजन एवं रिश्तेदारों, मित्रों, शुभचंतको की मौजूदगी में हरमू मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सामाजिक कार्य में पिछले 3 दशकों से महंत प्रसाद न्यू मार्केट में उनके प्रतिष्ठान देवी ड्रेसेस में रोजाना सुंडी शौंडिक समाज के साथ ही सर्व समाज के सक्रीय सदस्यों से समाज के उत्थान एवं विकास के लिए चर्चा किया करते थे। उनका सामाजिक पकड़ जमीनी स्तर पर समन्वय स्थापित करने में काफी मजबूत स्तंभ था। कई बार झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के तत्कालीन अध्यक्ष स्व ओम प्रकाश शाह और मैं स्वयं इनके दुकान पर अक्सर जाया करते थे और वहां बैठकर सामाजिक कार्य पर चर्चा किया करते थे।

राँची बुढ़मू प्रखंड सोसइ गांव के स्व देवी साहु के पुत्र महंत प्रसाद केअचानक देहांत की खबर से समाज के उनके करीबियों को मन विचलित होता है। उनके निधन से सुंडी शौंडिक, सर्व समाज का एक मजबूत स्तंभ नष्ट हो गया। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।उनके परिवार जनों को इस दुख की घड़ी में प्रभु दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

# अंजुमन इस्लामिया चुनाव विवाद वक्फ ट्रिब्यूनल पहुंचा, 6 मई को अगली सुनवाई




मेट्रो रेज

**रांची:**अंजुमन इस्लामिया रांची के चुनाव को लेकर जारी विवाद अब झारखंड वक्फ ट्रिब्यूनल तक पहुंच गया है। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की मांग को लेकर मोहम्मद शमीम अख्तर ने मार्च 2026 में ट्रिब्यूनल को पत्र भेजकर वोटर लिस्ट से फर्जी नाम हटाने और सूची को दुरुस्त करने की अपील की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए ट्रिब्यूनल ने 10 अप्रैल 2026 को झारखंड स्टेट सुन्नी वक्फ बोर्ड, रांची को निर्देश जारी कर 20 अप्रैल 2026 तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।

सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि पार्टी द्वारा अटेंडेंस फाइल की जा चुकी है। वहीं, रिस्पॉन्डेंट नंबर 2 ने पिटीशनर को कॉपी उपलब्ध कराने के बाद रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें बताया गया कि पिटीशन में उठाई गई आपत्तियों को अंजुमन इस्लामिया कमेटी को भेज दिया गया था। साथ ही बोर्ड को भी आवश्यक जानकारी देने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित कार्यालय ने पिछली सुनवाई के निदेर्शों के अनुरूप पूरी रिपोर्ट जमा नहीं की है। इस पर ट्रिब्यूनल ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि आदेश का पालन अनिवार्य है और अब तक दी गई रिपोर्ट भी संतोषजनक नहीं है।

ट्रिब्यूनल ने रिस्पॉन्डेंट नंबर 2 को निर्देश दिया है कि वे विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें, जिसमें यह स्पष्ट किया जाए कि कन्वीनर की स्थिति क्या है, आपत्ति समिति कार्यरत है या नहीं: चुनाव प्रक्रिया चल रही है या नहीं,और यदि चल रही है, तो चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए बोर्ड ने क्या कदम उठाए हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 मई 2026 को निर्धारित की गई है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## ट्रैफिक जाम बना मौत का कारण

# एंबुलेंस फंसने से दो दिन की नवजात ने तोड़ा दम



संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के ट्रैफिक जाम ने शनिवार को एक नवजात की जान ले ली। गुरुवार की शाम पांच बजे सोनाहातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्मी बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर उसे शनिवार को बेहतर इलाज के लिए डायल-108 एंबुलेंस से रिम्स लाया जा रहा था। बुंडू से आ रही एंबुलेंस कांटाटोली चौक से सामलौंग के बीच लगे भीषण जाम में फंस गई। करीब घंटे भर जद्दोजहद करने के बाद एंबुलेंस चालक नवजात को लेकर रिम्स पहुंचा। मां रेणुका अपनी बच्ची को सीने से चिपकाए डॉक्टर के पास पहुंची, लेकिन जांच के बाद चिकित्सकों ने अफसोस जताते हुए कहा आपने अस्पताल पहुंचने में देर कर दी। इतना सुनते ही मां की आंखों से आंसू बहने लगे। बच्ची को खोने के सदमे से वह खामोश हो गई। वहीं, नवजात के पिता वीणाधर महतो ने कहा कि उन्हें किसी से शिकायत नहीं है। सिर्फ इतना चाहता हूं कि जाम की वजह से किसी और की जान न जाए।

जाम के बीच एंबुलेंस चालक पुरेंद्र नाथ महतो ने हर मुमकिन कोशिश की, जिससे एंबुलेंस को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सके। लेकिन, वह व्यवस्था के आगे पूरी तरह से लाचार था। एंबुलेंस में इमरजेंसी मैनेजमेंट टेक्नीशियन स्टाफ यशोदा कुमारी भी थी। वहीं, केबिन में मां रेणुका अपनी बच्ची को कलेजे से चिपकाए बैठी थी। सायरन बजाती एंबुलेंस को जाम में फंसा देख आमलोग उसे आगे रास्ता दिलाने का प्रयास करते दिखे। लेकिन, होनी को कुछ और ही मंजूर था।

# झारखंड टॉपर सन्नी वर्मा को गुलाम मुस्तफा ने किया सम्मानित

मेट्रो रेज

**रांची:** दो बार स्कूल गया मगर सनी कुमार से मुलाकात नहीं हुई। कल सुबह में घर गया तब भी भेंट नहीं हुई। लेकिन आज शाम मधुकम वार्ड नंबर 28 सनी कुमार वर्मा का घर गया 2 घंटा इंतजार किया तो सनी कुमार वर्मा से मुलाकात हो गई । गुलाम मुस्तफा ने कहा कि मेरा दिल बहुत खुश हो गया कि सनी कुमार वर्मा से मेरी मुलाकात हो गई । मैंने खुशी से सनी कुमार वर्मा को गले लगा लिया और माला पहनाकर बुके दिया। गुलाम मुस्तफा ने मिठाई खिलाकर सनी को सम्मानित किया अैर बधाई दी। गुलाम मुस्तफा ने भारतीय एकता कमेटी



के तरफ से सनी को दस हजार देने का वादा किया। इस अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने कहा कि हम झारखंड वासियों के लिए बहुत खुशी की बात है कि मेरा बच्चा मेरा भतीजा सनी कुमार वर्मा 99. 60% मार्क्स लाकर हमारे झारखंड का नाम रोशन किया है। मैं सनी कुमार वर्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद देता हूं ।

# रांची विवि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में शुरू होगा आयुर्वेद और प्लांट मेडिसीन

**रांची:** रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत मोरहाबादी में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (हैप्पीनेस सेंटर) एडवाइजरी कमेटी की पहली बैठक कुलपति प्रो सरोज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निदेशक डॉ परवेज हसन ने मुख्य रूप से सेंटर के संचालन और विजन से संबंधित रूपरेखा को सामने रखा।

**आयुर्वेद और प्लांट मेडिसिन पर जोर :** सेंटर में आयुर्वेद और प्लांट मेडिसीन शुरू करने पर जोर दिया गया। वहीं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने, पीएसयू के सीएसआर फंड से सहयोग लेने पर जोर दिया गया। वहीं निर्णय लिया गया कि यह सेंटर एक प्रिवेंटिव सेंटर के रूप में काम करेगा। निर्णय लिया गया कि सेंटर में एक रजिस्ट्रेशन सेंटर स्थापित होगा, जिसमें आनेवाला डेटा का संग्रह किया जाएगा।

**सेंटर का समय :** शुरूआत के कुछ महीनों के लिए बुधवार से सेंटर हर दिन सुबह नौ बजे से दिन के 11 बजे तक और दोपहर में तीन से पांच बजे तक खुला रहेगा। जबकि योग विभाग द्वारा पांच मई 2026 से सुबह सात से आठ बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

नगर परिषद लोहरदगा क्षेत्र अर्न्तगत नगर परिषद द्वारा निर्मित दुकान/दुकान निर्माण हेतु भूखण्ड स्वरोजगार हेतु आवंटित की गई हैं, परन्तु भौतिक जांच के क्रम में पाया गया है कि आवंटियों द्वारा उक्त दुकान/भूखण्ड अन्य व्यक्तियों को किराये पर दे दिया गया है, जो कि नियन के विरूद्ध है। इस कार्यालय पत्रांक 388, दिनांक 04.04.2026 के द्वारा आम सूचना {PR 376782Lohardaga(26-27)D} भी प्रकाशित की गई है।

अतः पुनः सभी संबंधित आवंटियों को स्मारित किया जाता है कि आम सूचना के प्रकाशन के सात (07) दिनों के अन्दर नगर परिषद लोहरदगा कार्यालय में उपस्थित होकर आवंटन के दौरान संपन्न एकरारनामा की छायाप्रति/एकरारनामा नवीनीकरण हेतु आवेदन के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अद्यतन किराया भुगतान का छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करें।

यदि निर्धारित अवधि के अन्दर अपेक्षित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं, तो वर्तमान दुकान संचालक को आवंटित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी तथा बकाया राशि वसूली हेतु नीलाम पत्रवाद दायर की जाएगी।

इसके पश्चात् संबंधित आवंटी का कोई भी दावा–दावी मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 378431 Lohardaga(26-27).D



# अल्फा फीमेल क्या होती है? कैसे होती हैं ये अलग
## ...क्या होती है इनकी खासियत

**आपने अल्फा मेल के बारे में तो खूब सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी अल्फा फीमेल के बारे में सुना है? अल्फा फीमेल अन्य महिलाओं के काफी अलग होती हैं। इनकी खासियत सुनकर आपको भी विश्वास नहीं होगा।**

हाल ही में एक्टर मनोज बाजपेई ने अपनी मां को अल्फा फीमेल कहा है। अब तक आपने अल्फा मेल के बारे में तो जरूर सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी अल्फा फीमेल के बारे में सुना है। अल्फा वुमन...अंग्रेजी में इस शब्द का इस्तेमाल सुपर वुमन के लिए किया जाता है। इस तरह की महिलाओं को इतना गुणवान माना जाता है, जिनकी तारीफें कितनी भी कर लो, कम ही है। अल्फा फीमेल बहुत ही खास होती हैं। इस तरह की महिलाएं दूसरों पर निर्भर नहीं रहतीं। अल्फा फीमेल स्मार्ट सोच वाली होती हैं और हमेशा आगे बढ़ने के बारे में सोचती हैं। आइए जानें, आखिर अल्फा फीमेल कैसे होती हैं? अल्फा फीमेल की खासियत क्या होती है?

### अल्फा फीमेल क्या होती है?

कई अध्ययनों ने अल्फा फीमेल शब्द को जन्म दिया है। ये महिलाएं अन्य महिलाओं की तुलना में काफी अलग होती हैं। इनमें सबसे अलग कुछ करने का जज्बा होता है। ऐसी महिलाएं बहुत ही तेज-तर्रार और आत्मविश्वासी होती हैं। इनके अंदर बहुत ज्यादा कॉन्फिडेंस होता है। इनके अंदर कुछ अलग खासियत होती है।

### बिना सहारे के बढ़ती हैं आगे

अल्फा फीमेल अपने आप में बहुत ही मजबूत होती हैं। उन्हें आगे बढ़ने के लिए किसी की भी जरूरत नहीं होती। अल्फा फीमेल अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को बहुत अच्छे से बैलेंस करना भी जानती हैं। ऐसी महिलाएं अपने हर रोल को बखूबी निभाना जानती हैं। कूट-कूट के भरा होता है आत्मविश्वास आत्मविश्वास के मामले में ये महिलाएं बहुत आगे होती हैं। इनमें आत्मविश्वास भर-भरकर होता है। अल्फा वुमन अपना हर काम बिना किसी सपोर्ट के भी पूरे आत्मविश्वास के साथ करती हैं।

### सकारात्मक सोच रखती हैं

अल्फा वुमन हर चीज को लेकर एक सकारात्मक सोच रखती है। हर कंडीशन में डटकर खड़े रहना इनकी खासियत होती है। इन्हें हार मानना जल्दी आता ही नहीं है।

### परिश्रमी से नहीं घबरातीं

अल्फा फीमेल की एक बड़ी खासियत है कि वह कभी भी परिश्रम से नहीं डरती। वह अपने हर काम को पूरी लगन के साथ करती है। इनके अंदर हर काम को लगन से करने की इच्छा होती है।

### मुंह पर बोलती हैं

अल्फा फीमेल को धोखेबाजी करनी नहीं आती। इनके दिल में जो होता है, वहीं इनके मुंह पर भी होता है। कई बार इनकी बातों से लोगों का दिल भी दुख जाता है, लेकिन ये सीधी बात करना ही जानती हैं। इनके दिल में कोई छल नहीं होता।



# गर्मी के मौसम में पहनने के लिए जरूर चुने ये स्टाइलिश फुटवियर पैरों को मिलेगी राहत

**गर्मी का मौसम में अधिकतर महिलाएं हल्के आउटफिट के साथ कंफर्टेबल फुटवियर पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक है, जो गर्मी के मौसम में एकदम कुल रहना चाहती हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसे स्टाइलिश फुटवियर डिजाइंस बताएंगे, जो न सिर्फ आपको मॉडर्न लुक देंगे, बल्कि इन फुटवियर को पहनकर आप कंफर्टेबल भी महसूस कर सकेंगी।**

अगर आप भी गर्मी के मौसम में पहनने के लिए खूबसूरत फुटवियर तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह फुटवियर डिजाइन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। आप इसे अपने एथेनिक वियर के साथ पेयर कर सकती है। यह फुटवियर आपके पैरों की खूबसूरती में भी चार चांद लगा सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल

अगर आप अपने पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो आपके लिए यह ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल फुटवियर भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। यह न सिर्फ आपके पैरों को खूबसूरत बनाएगी, बल्कि इसे पहनकर आप आरामदायक भी महसूस कर सकती हैं।

### स्ट्रैपी वेज हील्स

अगर आप गर्मी के मौसम में ऑफिस या किसी इवेंट में कंफर्टेबल फुटवियर पहन कर जाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपके लिए यह स्ट्रैपी वेज हील्स फुटवियर भी बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। आप इसे ट्राई कर अपने पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। यह फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा।

### टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स

गर्मी के मौसम में अगर आप भी स्टाइलिश फुटवियर की तलाश कर रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप यह खूबसूरत स्टाइलिश टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स फुटवियर ट्राई कर सकती है। इसे पहनकर आप न सिर्फ अपने लुक को कंप्लीट करेंगी, बल्कि यह आपको एलिगेंट टच भी दे सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद सकती हैं। इस फुटवियर को आप अपने ऑफिस या दोस्तों के साथ घूमने जाते वक्त भी पहन सकती हैं।





# अब महिलाएं सिर्फ घर नहीं संभालती

**बदलते समय और समाज की सोच के साथ अब महिलाओं ने भी अपनी जिम्मेदारियों का दायरा बढ़ा लिया है। अब केवल महिलाएं घर की जिम्मेदारी नहीं संभालती, बल्कि लोन पेमेंट से लेकर कई बड़े काम भी करती हैं।**

हमेशा से महिलाओं को घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए जाना जाता रहा है और अक्सर फाइनेंशियल और लीडरशिप की भूमिकाओं में उनकी भागीदारी को सीमित माना जाता रहा है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में भारतीय महिलाओं में एक पॉजिटिव बदलाव देखने को मिला है। अब महिलाएं न केवल अपने घर को संभालती हैं, बल्कि फाइनेंस मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भी उठा रही हैं। साथ ही, वे एंटरप्रेन्योरशिप, कॉरपोरेट लीडरशिप, बैंकिंग और पॉलिटिक्स जैसे दूसरे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अपनी उत्कृष्टता साबित कर रही हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 5 सालों में भारत में लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या 22 फीसदी की सालाना दर से बढ़ी है। महिलाओं ने 42 फीसदी पर्सनल लोन अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए लिया हुआ है। वहीं, 'फॉम बॉरोवर्स टू बिल्डर्स' वीमन रोल इन इंडिया फाइनेंशियल ग्रोथ स्टोरी नाम की रिपोर्ट में बताया गया है कि 3 फीसदी महिलाओं ने बिजनेस लोन, 42 फीसदी महिलाओं ने पर्सनल लोन, कंज्यूमर लोन और होम लोन लिया है और 38 फीसदी महिलाओं ने गोल्ड गिरवी रखकर लोन लिया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि महिलाएं अब क्रेडिट स्कोर काफी चेक करने लगी हैं और लोन लेने वाली महिलाओं में करीब 60 फीसदी महिलाएं कस्बों और ग्रामीण इलाकों से हैं।

### महिलाएं लोन डिफॉल्टर कम

साल 2023 में भारत में कुल लोन में 17 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई थी, जिसमें महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ दिया था। दिलचस्प बात यह है कि महिलाएं लोन चुकाने में ज्यादा भरोसेमंद साबित हुई हैं, क्योंकि केवल 3.4 फीसदी महिला एंटरप्रेन्योर्स लोन डिफॉल्टर रहीं, जबकि पुरुषों की डिफॉल्ट दर 4.6 फीसदी से अधिक रही।

### जीवन बीमा खरीदने में आगे

मैक्स लाइफ द्वारा किए गए एक सर्वे में पता चला था कि 79 फीसदी कामकाजी महिलाओं के पास जीवन बीमा पॉलिसी है, जबकि 76 फीसदी पुरुषों के पास पॉलिसी है। हमेशा से महिलाएं वित्तीय सुरक्षा के मामले में पुरुषों से बेहतर रही हैं।

### भारतीय महिलाएं परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं

पॉलिसी बाजार के सर्वे के अनुसार, 2023-24 में 25 लाख रुपये से अधिक कवरेज वाली हेल्थ पॉलिसी खरीदने वाली महिलाओं की संख्या बढ़कर 24 फीसदी हो गई, जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा 15 फीसदी था। वहीं, दूसरी तरफ 25 लाख रुपये से कम कवरेज वाली हेल्थ पॉलिसी लेने वाली महिलाओं की संख्या में कमी पाई गई है। इससे पता चलता है कि शहर में रहने वाली कामकाजी महिलाएं अपने परिवार को किसी भी परेशानी से बचाने के लिए ज्यादा सतर्क रहती हैं।

### स्टार्टअप्स में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स के मामले में दिल्ली एनसीआर सबसे आगे है। अब तक करीब 2000 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स मिल चुके हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, टेक्निकल सेक्टर्स में महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स की हिस्सेदारी 18 फीसदी से अधिक है, जबकि फंडिंग स्टार्टअप्स में महिला एंटरप्रेन्योर्स की भागीदारी 14 फीसदी से ज्यादा है। वहीं, भारत में महिला एंटरप्रेन्योर्स द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप्स की संख्या 8,000 से अधिक हो चुकी है।

### MSMEs में बढ़ी महिला कर्मचारियों की भागीदारी

एक सर्वे से पता चला है कि महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने पुरुषों की तुलना में 11 फीसदी अधिक महिला कर्मचारियों को रोजगार दिए हैं। वुमेन लीडरशिप वाले स्स्स्स्द्यह्य में नौकरी पाने वालों में से एक-तिहाई महिलाएं हैं। केवल रोजगार देने के मामले में महिला एंटरप्रेन्योर्स आगे नहीं हैं, बल्कि उनके द्वारा संचालित MSMEs की मंथली इनकम में भी 12% की वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि महिला एंटरप्रेन्योर्स न केवल आर्थिक रूप से आगे बढ़ रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी नए रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं।

### घर खरीदने में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

एनारॉक द्वारा जुलाई-दिसंबर 2024 के बीच किए गए सर्वे से पता चला कि 78 फीसदी भारतीय महिलाएं घर अपने रहने के लिए खरीदती हैं, जबकि केवल 22 फीसदी महिलाएं इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में देखती हैं। वहीं, साल 2024 में हुआ सर्वे बताता है कि 74 फीसदी महिलाएं रहने के लिए घर खरीदी थीं, जबकि 26 फीसदी ने निवेश के रूप में लिया था। हालांकि, अब महिलाएं रियल एस्टेट में इन्वेस्ट करने में रुचि दिखा रही हैं और साल दर साल उनकी संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है।





# कुर्ता स्कर्ट नहीं अब ट्राई करें ये 4 लेटेस्ट शर्ट स्कर्ट ड्रेसेस, दिखेंगी खूबसूरत

**अगर आप अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इन खूबसूरत शर्ट और स्कर्ट सेट को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। यह सभी ड्रेस आपके लुक को एलिगेंट टच देने में मदद करेगी। इन आउटफिट को पहनकर आप ना सिर्फ स्टाइलिश लुक क्रिएट करेंगी, बल्कि यह आउटफिट आपको कंफर्ट महसूस कराएगा।**

### पार्व बेज शर्ट स्कर्ट

अगर आप भी अपने लुक में कुछ बदलाव करना चाहती हैं और लेटेस्ट ट्रेंड को फॉलो करना चाहती हैं, तो फैशन की इस दुनिया में आप भी इस खूबसूरतपार्व बेज शर्ट स्कर्ट सेट को ट्राई कर अपने लुक को डिफरेंट और मॉडर्न बना सकती हैं। यह स्कर्ट और शर्ट की डिजाइन आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी और आपको यूनिक लुक देने में मदद भी करेगी। इन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### कॉटन स्कर्ट के साथ हरी जूट शर्ट

अगर आप कुछ यूनिक और डिफरेंट ट्राई करने का सोच रही है, तो अब आपको ऑउटफिट को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस तरह की खूबसूरतकॉटन स्कर्ट के साथ हरी जूट शर्ट सेट को ट्राई कर सकती है। इस ड्रेस को आप किसी भी फंक्शन में पहनकर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। यह आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल जाएगी।

### स्कर्ट के साथ लाइम ग्रीन प्रिंट शर्ट

यही नहीं अगर आप भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो अब आप इसस्कर्ट के साथ लाइम ग्रीन प्रिंट शर्टसेट को ट्राई कर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। इसे पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। इस तरह का आउटफिट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकता है। इसके साथ आप एसेसरीज भी शामिल कर अपने लोग को कंप्लीट कर सकती हैं।

### लैवेंडर स्कर्ट विद शर्ट

आप चाहें तो इस तरह केलैवेंडर स्कर्ट विद शर्ट को भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप हसीना की तरह लगेंगी। इस ड्रेस में आपको देखकर आपके सभी दोस्त खुश हो जाएगा और आपकी तारीफ करने पर मजबूर हो जाएंगे। आप इस ड्रेस को बनवा सकती हैं या इसे ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप एक्सेसरीज और खूबसूरत हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : उपायुक्त

- उपायुक्त दीपक कुमार दुबे का बोरियो प्रखंड में सघन निरीक्षण ,शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था पर विशेष जोर
- विद्यालय में शिक्षकों की कमी पर सख्ती, स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए दिया निर्देश



**संवाददाता**

**साहिबगंज:**जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दुबे द्वारा आज बोरियो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण की शुरूआत बोरियो प्रखंड स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय से की गई। उपायुक्त ने विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, विषयों की समझ एवं विद्यालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जबकि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रधानाचार्य की अनुपस्थिति को गंभीरता से संज्ञान में ली गई। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने प्रधानाचार्य का वेतन स्थगित करने एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, रोस्टर एवं अन्य अभिलेखों की भी जांच की। साथ ही मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। उन्होंने भोजन की स्वच्छता एवं पोषण मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। जहां दो चापाकल एवं एक बोरिंग खराब पाए गए। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग को शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके उपरांत उपायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बांझी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने दवाइयों एवं टीकों की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया व प्रसव कक्ष, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, डायग्नो स्टिक कक्ष और पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान एएनएम द्वारा जानकारी दी गई कि स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित सोलर पैनल लाइट खराब है तथा मुख्य द्वार से पोर्टिको तक पेवर ब्लॉक कीआवश्यकता है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए पेवर ब्लॉक निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर कार्यालय में प्रस्तुत करने एवं सोलर पैनल विद्युत आपूर्ति को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिए। उन्होंने बांझी स्थित पंचायत सचिवालय का भी निरीक्षण किया।इसके पश्चात उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बोरियो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आकस्मिक कक्ष, परिचारिका कक्ष, प्रयोगशाला, नेत्र जांच कक्ष, टीकाकरण कक्ष, शीत श्रृंखला कक्ष, एक्स-रे कक्ष एवं बाह्य रोगी कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता,25 अप्रैल2026 टीकाकरण व्यवस्था एवं विशेष रूप से एंटी-रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित किया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बोरियो प्रखंड सभागार में विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर एक समीक्षा बैठक भी की। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने प्रखंड अंतर्गत 17 पंचायतों की स्थिति की समीक्षा की तथा पंचायत सचिवों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जन-मन आवास योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, 15वें वित्त आयोग की योजनाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं भूमि अधियाचन से संबंधित कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक शत-प्रतिशत पहुंचे। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा पारदर्शिता के साथ योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देने पर बल दिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


## तालझारी प्रखंड के महाराजपुर में गौ सेवा को लेकर जागरूकता, 27 अप्रैल को विशेष कार्यक्रम



**संवाददाता**

साहिबगंजःतालझारी प्रखंड के महाराजपुर क्षेत्र में गौ सेवा एवं गो सम्मान को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ती दिखाई दे रही है। आगामी 27 अप्रैल 2026 को मनाए जाने वाले गो सम्मान दिवस के अवसर पर यहां विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी चल रही है। जिसकी जानकारी हिंदू धर्म रक्षा मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो ने दी।उन्होंने स्थानीय सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होंने की अपील की है।कार्यक्रम का उद्देश्य गौ माता के संरक्षण,सेवा और सम्मान के प्रति लोगों को जागरूक करना बताया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देने और पारंपरिक मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय स्तर पर तैयारियां जारी हैं और लोगों में इसको लेकर उत्साह देखा जा रहा है बजरंगी महतो,सत्या महतो, अशोक कुमार महतो,राजू कुमार महतो, धनजय कुमार,अमित कुमार,श्रीराम कुमार,मंगरु कुमार,विपुल महतो सहित कई लोग लगे है। उनलोगो ने सभी क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि 27 अप्रैल को प्रातः इस कार्यक्रम में शामिल होकर गौ सेवा के इस अभियान को सफल बनाएं।

## परीक्षा के दौरान मोबाइल पाए जाने पर परीक्षार्थी होंगे निष्कासित




-झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय रांची द्वारा डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा हेतु दिशा-निर्देश जारी

**संवाददाता**

साहिबगंजःझारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय रांची द्वारा डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर 2025 की परीक्षा, जो दिनांक 27 अप्रैल2026 से आयोजित होने जा रही है, के सफल संचालन हेतु एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ निर्मला सोरेन ने की, जिसमें संबंधित झारखंड के परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षक एवं प्रवेक्षक शामिल हुए। जबकि परीक्षा संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें परीक्षार्थियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करना मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध, तथा नकल करते पाए जाने पर निष्कासन जैसी सख्त कार्रवाई शामिल है। परीक्षा केंद्र पर कोई नुकसान करने वाले छात्र या संस्थान से भरपाई की जाएगी।

मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ। रणजीत कुमार सिंह ने भी मॉडल कॉलेज राजमहल परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने परीक्षा को कदाचारमुक्त और शान्तिपूर्वक संपन्न कराने पर बल देते हुए परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छता, शुद्ध पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर सुरक्षा के लिए सहयोग की अपील की है।

## साहिबगंज : हावड़ा जोन के प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर ने किया डीएमयू मेंटेनेंस शेड का निरीक्षण

**संवाददाता**

**साहिबगंज:**हावड़ा जोन के प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर परमानंद शर्मा ने शनिवार को डीएमयू मेंटेनेंस शेड का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि डीएमयू कारशेड में इलेक्ट्रिक मेमू पैसेंजर ट्रेन के मेंटेनेंस की तैयारी एवं पिट बढ़ाने व बनाने को लेकर उन्होंने यहां कार्यों का जायजा लिया है। पिट बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसको



लेकर रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव जा चुका है। तत्काल उपलब्ध जगह पर पिट निर्माण कर लिया जाएगा। कुछ ईशु है, जमीन की दिक्कत है। अगर जमीन मिल जाये तो यहां 24 कोच के ट्रेन की पिट बनाई जाएगी। ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का नीतिगत फैसला रेलवे बोर्ड को लेना है।लेकिन जाहिरन उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग किया जाएगा। अभी प्रस्ताव व उपलब्ध जमीन पर 16 बोगी का मेंटेनेंस कर पाएंगे।कार्य अभी चल रहा है,प्लानिंग सही दिशा में है। इससे संतुष्ट हैं।

## जिला स्तरीय अस्मिता सिटी लीग खेल सफलता पूर्वक संपन्न

- बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन



**संवाददाता**

साहिबगंजःखेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा खेलों में महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने को लेकर 24 एवं 25 अप्रैल तक दो दिवसीय जिला स्तरीय अस्मिता सिटी लीग खेल प्रतियोगिता अंतर्गत चेस, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स का आयोजन सफलता पूर्वक आयोजन जिला खेल कार्यालय,साहिबगंज द्वारा किया गया।सिध्दो-कान्हू स्टेडियम साहेबगंज में दूसरे दिन मुख्य अतिथि गौतम कुमार भगत,अपर समाहर्ता ,साहेबगंज एवं विशिष्ट अतिथि झुन्नू मिश्रा जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उपस्थित होकर एथलेटिक्स और कबड्डी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ कराया । शिक्षा के साथ साथ खेल में अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने ,जिला का नाम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करने हेतु प्रेरित किया।वहीं बालिका कबड्डी मैच का टॉस सदर अस्पताल की महिला चिकित्सक डॉ स्नेहा यादव ने किया। इस संदर्भ मैं जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ,खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी , खेल प्रशिक्षक योगेश यादव, अशोक कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष समेत अन्य का सराहनीय सहयोग रहा। विजेता खिलाड़ियों को मेडल ,सर्टिफिकेट ट्रॉफी प्रदान किए गए।

**परिणाम**

बालिका अंडर 14 वर्ष100 मी,प्रथम रोशनी कुमारी

द्वितीय रुचि कुमारी,तृतीय संगीता कुमारी,अंडर 17 वर्ष,100 मी।प्रथम साक्षी शर्मा,द्वितीय सरस्वती कुमारी,तृतीय काजल कुमारी,अंडर 19 वर्ष 100 मी।

प्रथम चूमकी कुमारी,द्वितीय सुजाता कुमारी तृतीय प्रियंका कुमारी,बालिका अंडर 14 वर्ष 200 मी।प्रथम रुचि कुमारी ,द्वितीय बेबी कुमारी,तृतीय संगीताकुमारी

अंडर 17 वर्ष 200 मी।प्रथम साक्षी शर्मा,द्वितीय खुशी मंडल,तृतीय सरस्वती कुमारी,अंडर 19 वर्ष 200 मी।प्रथम क्रांति कुमारी,द्वितीय अनोखी कुमारी

तृतीय प्रियंका कुमारीअंडर 14 वर्ष लंबीकूद,प्रथम रोशनी कुमारी,द्वितीय पूजा कुमारी,तृतीय लक्ष्मी चौधरी,अंडर 17 वर्ष लंबीकूद प्रथम खुशी मंडल द्वितीय माही कुमारी,तृतीय संतीशी कुमारी,अंडर 19 वर्ष लंबीकूद प्रथम चूमकी कुमारी, द्वितीय क्रांति कुमारी ,तृतीय चांदनी चौधरी

अंडर 14 ऊंचीकूद

प्रथम साक्षी,द्वितीय पूजा कुमारी,तृतीय आशिका कुमारी,अंडर 17 वर्ष ऊंचीकूद प्रथम सुनैना कुमारी

द्वितीय सरिता कुमारी, तृतीय आनिशा कुमारी अंडर 14 वर्ष शॉट पुट प्रथम बेबी कुमारी,द्वितीय रितिका कुमारी,तृतीय फूलन कुमारी,अंडर 17 वर्ष शॉट पुट

प्रथम ईशा कुमारी,द्वितीय आयशा कुमारी तृतीय अनुरूध कुमारी कबड्डी बालिका अंडर 14 विजेता पी।एम श्री नगरपालिका विद्यालय उपविजेता पुलिस लाइन मध्य विद्यालय कबड्डी बालिका अंडर 17 विजेता पोखरिया उच्च विद्यालय उपविजेता राजमहल कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय कबड्डी बालिका अंडर 19 विजेता साहिबगंज प्रखंड उपविजेता-राजमहल कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में रहा ।

## न्यूज IN ब्रीफ

### तेज हवा के साथ ओलावृष्टि, आम व गरमा धान को नुकसान

दुमकाः दुमका शहरी व ग्रामीण इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ली। अचानक आसमान में बादल छा गये और देखते ही देखते बड़े-बड़े ओले गिरने लगे। करीब एक घंटे तक चली ओलावृष्टि के बाद मौसम ठंडा हो गया, लेकिन जनजीवन पर इसका व्यापक असर पड़ा। ओलावृष्टि शुरू होने से पहले ही कई जगहों पर बिजली आपूर्ति ठप हो गयी, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया। हालांकि दुमका शहर में बिजली आपूर्ति कुछ ही देर में बहाल हो गयी। रानीश्वर में ओलावृष्टि से आम, लीची व गरमा धान फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि ओला गिरने से आम व लीची के बौर व फल झड़ सकते हैं। गरमा धान, जिसमें बाली आ चुकी है, उसके भी क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। हालांकि ऊमस भरी गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिली। इधर, जामा प्रखंड क्षेत्र में करीब एक घंटे तक तेज बारिश के साथ भीषण ओलावृष्टि हुई। दिनभर की तेज गर्मी के बाद अचानक बदले मौसम से लोग जहां थे, वहीं रुकने को मजबूर हो गये। सड़क पर चल रहे राहगीरों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। ओलावृष्टि के दौरान तेज हवा के कारण कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गयीं, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। चौक-चौराहों पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। खेतों में लगी फसलों, खासकर आम और हरी सब्जियों को नुकसान होने की आशंका जतायी जा रही है।

### हंसडीहा व बभनखेता के मुखिया को मिला राज्यस्तरीय सम्मान

**4 लाख की मिली प्रोत्साहन राशि, मंत्री ने प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित**

हंसडीहाः दुमका जिले के सरैयाहाट प्रखंड अंतर्गत हंसडीहा पंचायत की मुखिया आशा हेंब्रम व बभनखेता पंचायत के मुखिया विनोद मुर्मू को उनके उत्कृष्ट कार्यों, नवाचार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर रांची के खेलगांव स्थित ताना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार सह मुखिया सम्मेलन 2026 के दौरान प्रदान किया गया। इसमें राज्य सरकार द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाली पंचायतों और जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। समारोह में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह के कर-कमलों द्वारा दोनों पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र व प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। हंसडीहा पंचायत की मुखिया आशा हेंब्रम को उत्कृष्ट पंचायत के रूप में चयनित होने पर 10 लाख रुपये की राशि दी गई, जबकि बभनखेता पंचायत के मुखिया विनोद मुर्मू को श्रेष्ठ ग्रामसभा श्रेणी में शामिल करते हुए 4 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पंचायतों में स्वच्छता, पारदर्शिता, योजनाओं के प्रभावी संचालन, ग्रामीण विकास, जनभागीदारी एवं नवाचारी कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया। दोनों मुखियाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने, ग्रामीणों तक समय पर लाभ पहुंचाने तथा विकास की नयी मिसाल कायम करने का कार्य किया है। पंचायतों में आधारभूत संरचना विकास, साफ-सफाई, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामसभा की सक्रियता को लेकर किए गये प्रयासों की राज्य स्तर पर सराहना हुई। हंसडीहा व बभनखेता पंचायत को मिले इस सम्मान से न केवल सरैयाहाट प्रखंड बल्कि पूरा दुमका जिला गौरवान्वित हुआ है। उपलब्धि पर मुखिया संघ, प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने दोनों मुखियाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर हंसडीहा पंचायत सचिव रमाकांत मंडल एवं बभनखेता पंचायत के पंचायत सचिव अक्षय कुमार भी उपस्थित थे।

### मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन

साहिबगंजःझारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज साहिबगंज न्यायालय एवं राजमहल अनुमंडल न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत सह एनआई। एक्ट से संबंधित मामलों के निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत भी आयोजित की गई।लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से कुल 14 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। जिसमें कुल पाँच लाख इक्यावन हजार चार सौ रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। इस पहल से न केवल लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे में मदद मिली, बल्कि पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय भी प्राप्त हुआ। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज सिंधु नाथ लामाये के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने लोक अदालत की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच आपसी सहमति से विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है।इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारीगण अधिवक्ता बैंक प्रतिनिधि पक्षकारगण उपस्थित रहे।

### विशेष केसीसी कैंप का आयोजन किसानों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील

साहिबगंज ःकृषि मंत्री, कृषि,पशुपालन व सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार जिले के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से 20 अप्रैल 2026 से 20 मई 2026 तक सभी प्रखंड मुख्यालयों में विशेष केसीसी कैंप का आयोजन किया जा रहा है।यह कैंप संबंधित बैंकों के माध्यम से आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें बैंक कर्मियों के साथ-साथ कृषि विभाग के कर्मी भी उपस्थित रहेंगे।कैंप के दौरान किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं उचित उपयोग एनपीके एवं एसएसपी उर्वरकों की खपत को बढ़ावा देने ऑर्गेनिक खाद के उपयोग तथा यूरिया एवं डीएपी के असंतुलित प्रयोग से मृदा पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में भी जागरूक किया जाएगा।जिला प्रशासन द्वारा सभी किसान भाइयों से अपील की गई है। कि वे अपने-अपने प्रखंडों में आयोजित केसीसी कैंप में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाएं तथा अन्य किसानों को भी इसकी जानकारी दें।प्रखंडवार कैंप तिथि इस प्रकार है।मंडरो 5 मई ,बरहेट 6 मई, 8 मई,12 मई, साहिबगंज 14 मई,तालझारी 15 मई और उधवा 20 मई 2026 को लगाया जाएगा।

हिंदू धर्म में शादी करने पर

# ट्रोल हो रहीं सारा खान

**टीवी एक्ट्रेस सारा खान ने इंटरफेथ मैरिज को लेकर किए गए ट्रोलिंग का करारा जवाब दिया है. एक यूजर ने उन्हें 'अब मुस्लिम नहीं रहीं' कहकर 'खान' सरनेम हटाने की सलाह दी, जिस पर सारा भड़क गई. उन्होंने स्क्रीनशॉट शेयर कर तीखे अंदाज में जवाब दिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.**



सोशल मीडिया पर सेलेब्स को ट्रोल करना आम बात हो गई है, लेकिन जब बात किसी की धार्मिक पहचान तक पहुंच जाए, तो मामला गंभीर हो जाता है. टीवी एक्ट्रेस सारा खान के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब एक यूजर ने उनकी पर्सनल लाइफ और धर्म को लेकर आपत्तिजनक कमेंट कर दिया. यूजर ने यहां तक कह दिया कि शादी के बाद वह अब मुस्लिम नहीं रहीं. इस कमेंट को नजरअंदाज करने के बजाय सारा खान ने खुलकर जवाब दिया और ट्रोल को करारा जवाब देते हुए साफ कर दिया कि उनकी निजी जिंदगी पर सवाल उठाने का हक किसी को नहीं है. टीवी एक्ट्रेस सारा खान सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं, इसकी वजह एक यूजर का किया हुआ मैसेज है. सारा खान ने हिंदू धर्म में शादी की है. सारा खान ने दिसंबर 2025 में एक्टर कृष पाठक से शादी की थी, कृष रामायण फेम एक्टर सुनील लहरी के बेटे हैं. दोनों की शादी अलग-अलग रीति-रिवाजों से हुई थी और तभी से उन्हें सोशल मीडिया पर इंटरफेथ मैरिज को लेकर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. लेकिन, अब ट्रोलिंग को लेकर कुछ यूजर्स ने हद पार कर दी है.

### कृष के साथ की है दूसरी शादी

सारा खान की पर्सनल लाइफ पहले भी चर्चा में रही है. कृष के साथ ये उनकी दूसरी शादी है. इससे पहले उन्होंने रियलिटी शो बिग बॉस के दौरान अली मर्चेंट से शादी की थी, जो कुछ ही समय में टूट गई थी. बाद में उनकी मुलाकात कृष पाठक से हुई और दोनों ने डेटिंग के बाद शादी का फैसला लिया. शादी के बाद से ही सारा और उनके पति सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना कर रहे हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने हर बार खुलकर जवाब दिया है.



# एक्ट्रेस सोनम बाजवा की नई फिल्म पर रोक

**कॉपीराइट विवाद के चलते चंडीगढ़ कोर्ट ने फिलहाल**



**चंडीगढ़** में एक्ट्रेस सोनम बाजवा की फिल्म 'पिट सियापा' विवाद में घिर गई है। कॉपीराइट विवाद के चलते चंडीगढ़ कोर्ट ने फिलहाल फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमा घरों में रिलीज होनी थी। जानकारी के अनुसार, राइटर राजन नंदन का दावा है कि फिल्म की कहानी उनकी लिखी हुई स्क्रिप्ट पर आधारित है। उन्होंने बताया कि इस स्क्रिप्ट को साल 2021 में रजिस्टर कराया गया था। 27 मार्च 2026 को जब फिल्म 'पिट सियापा' का प्रोमो रिलीज हुआ, तब उन्हें पता चला कि फिल्म की कहानी उनकी स्क्रिप्ट से मिलती-जुलती है। इसके बाद 1 अप्रैल 2026 को उन्होंने फिल्म से जुड़े पक्षों को लीगल नोटिस भेजा। मामला बढ़ने पर चंडीगढ़ कोर्ट में कॉपीराइट को लेकर याचिका दायर की। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी, जहां कोर्ट आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेगा।

कमल हासन ने तमिलनाडु के मतदाताओं से की अपील

# 'यह चुनाव तय करेगा हम आगे बढ़ेंगे या पीछे'

**अभिनेता** और राजनेता कमल हासन ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर जनता से अपील की है। उन्होंने लोगों से लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने और सोच-समझकर मतदान करने का आग्रह किया। तमिलनाडु चुनाव के लिए 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट करते हुए तमिल भाषा और तमिलनाडु की पहचान की रक्षा पर जोर दिया। कमल हासन ने मतदाताओं से मतदान के लिए सुबह-सुबह पोलिंग बूथ पहुंचकर वोट देने की अपील की। कमल हासन ने वीडियो में कहा, 'वोटर आईडी वाले तमिलनाडु के सभी लोगों को मेरा नमस्ते। मैं आपसे एक तमिलनाडु निवासी के रूप में बात कर रहा हूं, जो तमिल के बारे में सोचता है।

यह चुनाव सिर्फ एक पार्टी का नहीं, बल्कि दक्षिण और उत्तर के बीच का चुनाव है। यह तय करेगा कि तमिलनाडु का भविष्य चेन्नई में तय होगा या दिल्ली से निर्देश मिलेंगे। कमल हासन ने पिछले पांच वर्षों में तमिलनाडु सरकार की उपलब्धियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में तमिलनाडु टॉप पर है। उन्होंने द्रविड़ मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन एक बार फिर राज्य का नेतृत्व करने के योग्य हैं। उन्होंने डीएमके की उपलब्धियों का हवाला देते हुए कहा कि इतिहास साबित करता है कि यह पार्टी तमिलनाडु के अधिकारों की रक्षा कर सकती है। उन्होंने नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, 'पेरियार ने हमें सेल्फ-रिस्पेक्ट दी, अन्ना ने इसे राजनीतिक आवाज दी और कलैगनार ने अपनी बुद्धिमत्ता से तमिल पहचान की रक्षा की।



'डॉन 3' विवाद में नया ट्विस्ट!

# रणवीर फरहान को देंगे 10 करोड़

**'डॉन 3'** फिल्म बीते कुछ दिनों से विवादों में चल रही है। हाल ही में खबर आई थी कि रणवीर सिंह ने इस प्रोजेक्ट से किनारा कर लिया है। इसके बाद अब फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

हाल ही में रणवीर सिंह ने 'डॉन 3' मूवी से किनारा कर लिया था। इसके बाद से ही फरहान अख्तर की ये फिल्म चर्चाओं में है। बीते दिनों ये भी खबरें सामने आईं थीं कि अब फिल्म में ऋतिक रोशन लीड रोल में नजर आएंगे। हालांकि कुछ दिनों बाद खुद एक्टर ने इन खबरों को गलत बताया था और कहा था कि वे इस फिल्म का हिस्सा नहीं है। अब इस बीच फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

### फरहान अख्तर को लौटाएंगे इतने करोड़

रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर चल रही खींचतान में अब नया मोड़ देखने को मिल रहा है। फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर सिंह ने मामला शांत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने फिल्म साइन करने के लिए मिले करीब 10 करोड़ रुपये वापस करने पर सहमति दे दी है। यही नहीं, खबर यह भी है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट को अपनी अगली फिल्म में हिस्सा देने का वादा किया है। इस फिल्म का नाम फिलहाल 'प्रलय' बताया जा रहा है, हालांकि इसमें कंपनी को कितना हिस्सा मिलेगा, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

हालांकि, इस पूरे मामले पर अभी रणवीर सिंह और फरहान अख्तर या उनकी कंपनी में से किसी की भी ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### 'डॉन 3' के बारे में

बता दें, फरहान अख्तर ने साल 2023 में 'डॉन 3' की घोषणा की थी। जिसमें रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी को लीड रोल में बताया गया था। हालांकि, फिलहाल खबरें हैं कि कोई भी कलाकार आधिकारिक तौर पर इस फिल्म से जुड़ा नहीं है।

# 'डेविल वियर्स प्राडा 2' में अब नहीं दिखेगी एक्ट्रेस की झलक

हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का एक कैमियो भी था, जिसे फाइनल कट में हटा दिया गया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के जरिए मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में कई एक्टर्स, सिंगर ने छोटे-बड़े रोल किए हैं। एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का भी फिल्म में कैमियो था, जिसे फाइनल एडिटिंग में हटा दिया गया है। अब सिडनी के फैंस इस चर्चित फिल्म में उन्हें नहीं देख पाएंगे।

इस किरदार में थीं सिडनी स्वीनी

वैरायटी के मुताबिक सिडनी स्वीनी ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के लिए कुछ सीन्स शूट किए थे। इसमें वह अपना ही किरदार निभाने वाली थीं। इस सीन में एमिली ब्लंट का किरदार एमिली चार्लटन, सिडनी को स्टाइल करता हुआ दिखता है। लेकिन इस सीन को एडिटिंग के दौरान हटा दिया गया है। अब सिडनी फिल्म में कैमियो रोल में नजर नहीं आएंगी। वैसे सिडनी स्वीनी के अलावा एक्टर कॉनराड रिका मोरा के किरदार पर भी एडिटिंग की कैंची चली है।

फिल्म में नजर आएंगे ये एक्टर्स

फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का हाल ही में न्यूयॉर्क में प्रीमियर हुआ। इसमें फैशन और एंटरटेनमेंट की दुनिया के कई बड़े नाम शामिल हुए थे। डेविड फ्रैंकल द्वारा निर्देशित इस फिल्म में केनेथ ब्रानाघ, सिमोन एशले, जस्टिन थेरॉक्स, लूसी लियू और बी.जे. नोवाक के साथ-साथ पुराने कलाकार ट्रेसी थॉम्स और टिबोर फेल्डमैन भी नजर आएंगे।



15 साल के वैभव सूर्यवंशी का धमाकेदार शतक बेकार,

# सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया



एजेंसी

**जयपुर :** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 36वें मुकाबले में 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के ऐतिहासिक शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद ने जयपुर के सवाई मानसिंग स्टेडियम में खेले गए हाई स्कोरिंग मुकाबले में 5 विकेट से जीत दर्ज की। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 228 रन बनाए। टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 37 गेंदों में 103 रनों की तूफानी पारी खेली और 36 गेंदों में अपना दूसरा आईपीएल शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए, जबकि ध्रुव जुरेल ने 51 रन और डोनोवन फरेरा ने 16 गेंदों में 33 रन बनाए।

229 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद ने 18.3 ओवर में 5 विकेट खोकर मैच जीत लिया। टीम की ओर से ईशान किशन ने 74 और अभिषेक शर्मा ने 57 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। इसके अलावा नीतीश कुमार रेड्डी ने 36 और हेनरिक क्लासन ने 29 रन का अहम योगदान दिया। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर और ब्रजेश शर्मा ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने 2 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ सनराइजर्स हैदराबाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि राजस्थान रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट के अभाव में चौथे स्थान पर खिसक गई। दोनों टीमों के अब 10-10 अंक हैं, लेकिन हैदराबाद आगे है।

पंजाब किंग्स का ऐतिहासिक कारनामा, 265 रन का लक्ष्य किया हासिल, चहल बोले

# हमारी बल्लेबाजी से हर टीम डरेगी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में पंजाब किंग्स ने इतिहास रचते हुए 265 रन का विशाल लक्ष्य हासिल कर लिया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पंजाब ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है, जिसमें टीम ने 7 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। पंजाब की जीत की नींव ओपनरों ने रखी। प्रभसिमरन सिंह ने 26 गेंदों में 76 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि प्रियांश आर्या ने 17 गेंदों में 43 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया। दोनों ने मिलकर पावरप्ले में बिना विकेट खोए 116 रन जोड़ दिए, जिससे लक्ष्य आसान होता चला गया। इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में 71 रन की संयमित पारी खेलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। पूरी पारी में पंजाब ने 20 चौके और 20 छक्के लगाए, यानी 200 रन सिर्फ बाउंड्री से आए। मैच के बाद युजवेंद्र चहल ने कहा, ह्लप्रभसिमरन और प्रियांश ने हमें शानदार शुरूआत दी। इससे हमारे मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों का काम आसान हो गया। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप का सामना करना किसी भी टीम के लिए मुश्किल होगा।ह्व

चहल ने ड्रेसिंग रूम के माहौल पर भी कहा कि टीम शुरू से ही सकारात्मक थी और उसे अपनी बल्लेबाजी क्षमता पर पूरा भरोसा था। उन्होंने कोच रिकी पोंटिंग की भी सराहना करते हुए कहा कि प्रभसिमरन के विकास में उनका बड़ा योगदान रहा है। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स का विजयी क्रम सात मैचों तक पहुंच गया है और टीम 13 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। पंजाब अब 28 अप्रैल को न्यू चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी।

# हिमाचल के शहरी विकास के लिए 1,200 करोड़ की परियोजनाओं को केंद्र की मंजूरी

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के शहरी विकास को लेकर करीब 1,200 करोड़ रुपये की प्राथमिक परियोजनाओं को केंद्र सरकार से मंजूरी की दिशा में सकारात्मक संकेत मिले हैं। यह जानकारी लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रविवार को दी है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य की अहम शहरी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि यह बैठक केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें हिमाचल प्रदेश के शहरी विकास से जुड़े बड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कुल 5,400 करोड़ रुपये का व्यापक शहरी विकास विजन प्रस्तुत किया था, लेकिन तत्काल प्राथमिकता के तौर पर करीब 1,100 से 1,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। मंत्री के अनुसार केंद्र सरकार ने संकेत दिया है कि इन प्राथमिक परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जल्द तैयार कर भेजी जाए, जिसके बाद उन्हें मंजूरी देने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल के शहरी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इन परियोजनाओं में शिमला शहर में यातायात दबाव कम करने के लिए डिकंजेशन योजना, आधुनिक हाइड्रोलिक पार्किंग व्यवस्था और भूमिगत यूटिलिटी डक्टिंग जैसी योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा कांगड़ा में प्रस्तावित एयरोसिटी टाउनशिप को भी शहरी विकास के नए मॉडल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन और बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने पहाड़ी राज्यों की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे राज्यों में निर्माण लागत अधिक होती है और हर साल लाखों पर्यटकों के आने से शहरी ढांचे पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, इसलिए वित्तीय नियमों में लचीलापन जरूरी है। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्र की इस सकारात्मक पहल से उम्मीद है कि आने वाले समय में इन 1,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे शिमला और कांगड़ा जैसे शहरों की तस्वीर बदलने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इस बैठक में शहरी विकास निदेशक डॉ. नीरज कुमार भी मौजूद रहे। चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि हिमाचल के शहरों को भविष्य की जरूरतों के अनुसार विकसित करना आवश्यक है, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



## मप्र में आज कड़ी सुरक्षा के बीच राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 आज रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जा रही हैं। राज्य के 54 जिला मुख्यालयों में कुल 365 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 02.15 बजे से शाम 04.15 बजे तक दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। आयोग द्वारा परीक्षा के संबंध में नवीन प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक परीक्षा केन्द्र प्रवेश के दौरान बायोमेट्रिक्स प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्केनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी प्रारंभ की गई है। इन नवीन प्रक्रिया में समस्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थी को परीक्षा के समय से 90 मिनिट पूर्व पहुचना होगा। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियो की त्रिस्तरीय जॉच की जाएगी। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार के समीप अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की जानकारी चस्पा होगी, जिसका पूर्णतः पालन किया जाएगा। परीक्षा के नोडल अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना होगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 9.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षार्थियों की एचएचएमडी के माध्यम से दोनों सत्रों में जॉच (फ्रिस्किंग) की जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की जॉच महिला वीक्षक द्वारा (केबिन) में की जाएगी। इसके साथ ही ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के पास विकल्प होगा कि वह अपनी फिस्किंग महिला अथवा पुरूष कर्मचारी से करवाना चाहते है। परीक्षार्थी स्वयं के साथ केवल बॉलपेन, एक पानी की पारदर्शी बॉटल, ई-प्रवेश पत्र व आईडी कार्ड साथ मे ला सकते है। नोडल अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि परीक्षा कक्ष में पेंसिल, रबर (इरेजर), व्हाइटनर, स्केल, बैग्स व पठन सामग्री नहीं ले जाई जा सकेगी। इसी तरह मोबाइल फोन, पेनड्राइव, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, हैंडफ्री, डिजिटल घड़ी, स्मार्ट घड़ी, एनालॉग घड़ी एवं अन्य ऐसे इलेक्ट्रोनिक उपकरण जो संचार उपकरण के रूप में उपयोग किए जा सकते हैं, वे भी प्रतिबंधित रहेंगे। बालों को बांधने वाले क्लचर, बक्कल, हाथ के बैंड, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक बैंड, चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बैल्ट, कफलिंक, धूप का चश्मा, पर्स व वॉलेट एवं टोपी भी प्रतिबंधित रहेगी।




## नेपाल के बीपी राजमार्ग में फंसे सैकड़ों भारतीय एवं स्थानीय यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग से भेजा जा रहा काठमांडू

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल के कुछ इलाकों में शनिवार को हुई भारी बारिश के कारण काठमांडू-जनकपुर को जोड़ने वाले बीपी राजमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इस राजमार्ग में फंसे सैकड़ों भारतीय और स्थानीय यात्रियों को वैकल्पिक रास्ते से निकलने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम से आज अभी तक राजमार्ग बंद है। इसको खोलने में अभी कई घंटे का समय लगेगा। इसलिए इस राजमार्ग पर शनिवार से फंसे लोगों को दूसरे रास्ते से वापस काठमांडू भेजा जा रहा है। मंगलटार इलाका प्रहरी कार्यालय के प्रमुख पुलिस निरीक्षक ईश्वर कार्की का कहना है कि सड़क खोलने का काम जारी है। मगर लगता नहीं कि आज शाम तक भी सड़क खुल पाएगी। कार्की के मुताबिक, रोशी नदी में आई बाढ़ से चौकीडाँडा, घुमाउने, चारसय बैंसी, गिम्दी बैंसी, नार्के, चिउरीबास, बोक्सीकुना, कालढुंगा, डालाबेशी, ठुलोढुंगा और माम्ती क्षेत्रों के डायवर्जन बह गए हैं। इसी तरह नेपालथोक और सिंधुली के आँपघारी क्षेत्र में भी डायवर्जन क्षतिग्रस्त हुआ है। जिला पुलिस प्रमुख एसपी कोमल शाह के अनुसार, बीपी राजमार्ग के विभिन्न स्थानों पर डायवर्जन बह जाने के कारण काभ्रे के मंगलटार, भकुण्डे, काभ्रेभञ्ज्याङ और धुलिखेल तथा सिंधुली के नेपालथोक और खुर्कोट में सैकड़ों वाहनों को रोका गया था। शाह के मुताबिक इन यात्रियों में अधिकांश भारतीय पर्यटक हैं जो घूमने आए थे और वापस जाने के क्रम में फंस गए हैं। आज सुबह से भकुण्डे, काभ्रेभञ्ज्याङ और धुलिखेल में रुके वाहनों को सुरक्षित स्थानों की ओर भेज दिया गया है। मंगलटार क्षेत्र में फंसे भारतीय और स्थानीय यात्रियों को भी वैकल्पिक मार्ग से भेजना शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मंगलटार तक यात्रियों को लाने वाले वाहनों को वहीं रोका गया है। यात्रियों को रोशी नदी पार तक पैदल भेजा जा रहा है, जहां से दूसरे वाहनों की व्यवस्था कर तेमाल के काल धार नारायणस्थानझ्भकुण्डे होते हुए धुलिखेल की ओर भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मौसम में सुधार और सड़क सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद ही दोबारा वाहनों का संचालन शुरू किया जाएगा।



### बलिया : दीक्षांत परेड के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस को मिले 343 नए आरक्षी

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में नौ माह के कठिन प्रशिक्षण के बाद 343 रंगरुटों ने पुलिस लाइन के मैदान में रविवार को भव्य दीक्षांत परेड निकाली। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने परेड की सलामी ली। दीक्षांत परेड में कुल 10 टोलियों के 343 रिक्रूट आरक्षियों ने अपने नौ माह के कठिन प्रशिक्षण के उपरांत शानदार परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह साढ़े आठ बजे परेड कमांडर तृतीय ने परेड स्थल तक परेड को लेकर आए। नए सिपाहियों ने पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आगमन पर उनका अभिवादन किया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व एसपी ओमवीर सिंह ने परेड की सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा दी गई सलामी स्वीकार की। इस दौरान सजीव प्रसारण के जरिए नए रंगरुटों ने मुख्यमंत्री का संबोधन भी सुना। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला ने रिक्रूट आरक्षियों के कठिन प्रशिक्षण के बारे में बताया। मुख्य अतिथि डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में नवनियुक्त आरक्षियों को अनुशासन और कर्तव्यपरायणता का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूटों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## मौसम की चुनौतियों के बावजूद देश में गेहूं उत्पादन बेहतर, बढ़े रकबे और खरीद के आंकड़े से उछाल के संकेत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश में इस साल 3.34 करोड़ हेक्टेयर में हुई गेहूं की बुवाई के बाद बेहतर कृषि प्रबंधन और उन्नत किस्मों के उपयोग के चलते मौसम की मार के बावजूद गेहूं उत्पादन समग्र रूप से बेहतर रहा। फरवरी की गर्मी, असमय बारिश और ओलावृष्टि के असर के बावजूद हरियाणा में 56.13 लाख मीट्रिक टन खरीद, मध्य प्रदेश में लक्ष्य बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन और महाराष्ट्र में 22.90 लाख टन उत्पादन के अनुमान है, जो अच्छा उत्पादन है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष लगभग 3.34 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुवाई की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। पूरे सीजन के दौरान फसल में किसी बड़े कीट या रोग का प्रकोप नहीं देखा गया। मंत्रालय के अनुसार, फरवरी में असामान्य रूप से अधिक तापमान के कारण फसल पर हीट स्ट्रेस का असर पड़ा, जिससे दानों के भरने की अवधि प्रभावित हुई। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में असमय बारिश और ओलावृष्टि से स्थानीय स्तर पर नुकसान की आशंका रही है। हालांकि, कई सकारात्मक कारकों ने इन प्रतिकूल प्रभावों को संतुलित किया है। समय से पहले बुवाई, अधिक क्षेत्र में खेती, उन्नत और जलवायु सहनशील किस्मों का उपयोग तथा खरपतवार और कीटों का कम प्रकोप उत्पादन को स्थिर बनाए रखने में सहायक रहे हैं। खरीद के आंकड़े भी बेहतर स्थिति बताते हैं। हरियाणा में गेहूं की आवक सरकारी लक्ष्य से आगे रही है और खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश में उच्च उत्पादन के अनुमान के चलते खरीद लक्ष्य बढ़ाया गया है, जबकि महाराष्ट्र में भी उत्पादन में स्थिर वृद्धि देखी जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्तर पर कुछ प्रभावों के बावजूद देश में गेहूं उत्पादन की समग्र स्थिति संतोषजनक और मजबूत बनी हुई है।



## केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पत्नी सहित ताजमहल को निहारा



एजेंसी

**आगरा :** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को सुबह पत्नी के साथ विश्व धरोहर ताजमहल का दीदार किया। इसके बाद होटल में आगरा के निर्यातकों और उद्योगपतियों के साथ बैठक में भाग लिए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शनिवार की रात सपत्नीक दिल्ली से आगरा पहुंचे। एक पंच सितारा होटल में रात विश्राम के बाद रविवार सुबह पत्नी सीमा गोयल के साथ करीब 6 बजे ताजमहल पहुंचे। शिल्पग्राम से गोल्फ कार्ट के माध्यम से ताजमहल के पूर्वी गेट पर पहुंचकर ताजमहल में प्रवेश किया। करीब 2 घंटे ताजमहल में बिताने के दौरान साथ में चल रहे गाइड से ताजमहल के निर्माण की बारीकियों के बारे में जानकारी ली और डायना बेंच पर पत्नी के साथ फोटोशूट कराया। ताजमहल भ्रमण के बाद गोयल होटल अमर विलास के लिए प्रस्थान कर गए। वह आगरा में जूता, खिलौना, फार्मा, आयुष निर्यातकों एवं उद्योगपतियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिए,जहां निर्यात में आने वाली समस्याओं, उनके निराकरण तथा सुझावों पर विचार विमर्श किया।

उल्लेखनीय है कि आगरा जूता निर्माण, निर्यात एवं व्यापार में भारत का एक बहुत बड़ा हब है। वर्तमान में पश्चिम एशिया के हालातों को देखते हुए जूता उद्योग पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर भी चर्चा की गई। पीयूष गोयल ने मेक इन इंडिया पर भी चर्चा किए। आगरा के निर्यात एवं उद्योग विकास के क्षेत्र में इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## अमेरिकी गणतंत्र पर हमला नया नहीं, देशवासी लें मतभेदों को शांतिपूर्वक सुलझाने का संकल्प: ट्रंप

एजेंसी

**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी गणतंत्र पर हमला नया नहीं है। इससे पहले भी राष्ट्र को लहूलुहान किया गया है। उन्होंने देशवासियों से आपसी मतभेदों को शांतिपूर्वक सुलझाने का आह्वान भी किया । वाशिंगटन डीसी में शनिवार शाम अभेद्य किलेबंदी के बीच चल रहे व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान पर कार्यक्रम स्थल के बाहर हुई गोलीबारी में पूरी तरह सुरक्षित ट्रंप ने इस घटना पर चिंता जताते हुए संघीय एजेंट्स और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की तारीफ की।

फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस घटना करीब 30 मिनट बाद व्हाइट हाउस के ब्रीफिंग रूम से संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वार्षिक डिनर का आयोजन वाशिंगटन हिल्टन होटल के बॉलरूम में किया गया था। इस दौरान कई तरह के हथियारों से लैस एक व्यक्ति सुरक्षा घेरे की तरफ बढ़ा। एजेंट्स और अन्य सुरक्षा कर्मचारियों ने संदिग्ध को आगे बढ़ने से रोका और उसे हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने एक एजेंट को बहुत करीब से गोली मारी। इस अधिकारी के बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने कारण अनहोनी टल गई। अधिकारी पूरी तरह ठीक है।

व्हाइट हाउस के ब्रीफिंग रूम में ट्रंप के संवाददाता सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कई पत्रकार तो सीधे हिल्टन होटल से पहुंचे। ट्रंप ने संवाददाता सम्मेलन से पहले संदिग्ध की तस्वीरें और वीडियो 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट किए। ट्रंप ने इस घटना को कार्यक्रम के मूल उद्देश्य पर सीधा हमला भी बताया। उन्होंने कहा, ₹यह कार्यक्रम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समर्पित था। इसका मकसद दोनों पार्टियों के सदस्यों और प्रेस के सदस्यों को एक साथ लाना था।

ट्रंप ने कहा कि इस घटना से साफ है कि सुरक्षा व्यवस्था को और भी कड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन हिल्टन होटल सुरक्षित इमारत नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा तो व्हाइट हाउस का निणार्धीन बॉलरूम है। यहां ड्रोन प्रूफ सुरक्षा और कांच की बुलेट प्रूफ दीवारें होंगी। उन्होंने इस गोलीबारी से पैदा हुए डर को अमेरिका पर मंडरा रहे खतरों के एक बड़े सिलसिले से भी जोड़ा। उन्होंने कहा, ₹पिछले कुछ सालों में यह पहली बार नहीं है जब हमारे गणतंत्र पर किसी ऐसे हमलावर ने हमला किया हो, जो किसी की जान लेने के इरादे से आया हो।₹ उन्होंने अमेरिकियों से आग्रह किया, ₹ दिल से यह संकल्प लें कि आपसी मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएंगे।₹ ट्रंप ने कहा, यह डिनर अगले 30 दिनों के भीतर फिर से आयोजित किया जाएगा। यह और बेहतर और ज्यादा शानदार होगा।

अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध की पहचान 31 वर्षीय कोल एलन के रूप में हुई है। कानून प्रवर्तन के अनुसार, एलन संभवतः वाशिंगटन हिल्टन होटल में एक मेहमान के तौर पर मौजूद था। इस संबंध में डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की यूएस अटॉर्नी जीनिन पिरो ने कहा कि एलन पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। वह पहले भी बंदूक हिंसा कर चुका है। उस पर एक फे-डरल अधिकारी पर हमला करने का आरोप है। इस बीच पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना को खौफनाक बताया है। उन्होंने कहा कि यह राहत की बात है कि डिनर में मौजूद राष्ट्रपति, प्रथम महिला और बाकी सभी लोग सुरक्षित हैं।



## न्यूज IN ब्रीफ

### दाऊदपुर में प्रेम प्रसंग में मोबाइल टॉवर पर चढ़ी युवती शादी की जिद पर अड़ी है

**सारण :** जिले के दाऊदपुर थाना क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया जब प्रेम-प्रसंग से जुड़े एक विवाद में एक युवती अचानक मोबाइल टॉवर पर जा चढ़ी। युवती को टॉवर के ऊपरी हिस्से पर देख स्थानीय लोगों के हाथ-पांव फूल गए। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और यह पूरा इलाका घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामे का केंद्र बना रहा। मिली जानकारी के अनुसार कथित रूप से अंजलि राजभर नमक युवती का अजय मांझी नमक युवक के साथ काफी समय से प्रेम संबंध चल रहा था। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर कुछ विवाद उत्पन्न हुआ विवाद इतना बढ़ा कि आक्रोशित और भावुक होकर युवती ने आत्मघाती कदम उठाते हुए मोबाइल टॉवर पर चढ़ने का फैसला कर लिया।

टॉवर पर चढ़ने के बाद युवती अपनी मांग पर अड़ी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह नीचे उतरने के लिए तैयार नहीं है और लगातार प्रेमी से शादी करने की जिद कर रही थी। स्थानीय लोगों ने उसे बार-बार नीचे आने की गुहार लगाई लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। युवती के इस कड़े रुख से आसपास के लोगों में किसी अनहोनी को लेकर दहशत का माहौल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही दाऊदपुर थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले भीड़ को नियंत्रित किया और युवती को समझाने-बुझाने का दौर शुरू हुआ। पुलिस अधिकारियों और परिजनों द्वारा काफी देर तक मान-मनौव्वल की गई। पुलिस की सूझबूझ से अंततः स्थिति को बिगड़ने से बचाया गया और उसे सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिशें अभी भी जारी है। इस दौरान मौके पर स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी रही हर कोई युवती की सलामती की प्रार्थना कर रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में जुट गई है। दाऊदपुर पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। युवती को सुरक्षित बचाना हमारी प्राथमिकता है। घटना के पीछे के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले को शांत कराने और दोनों पक्षों के बीच विवाद सुलझाने के प्रयास में जुटी है।

### मणिपुरः ग्रेटर इंफाल में हिंसा और अशांति फैलाने के आरोप में छह गिरफ्तार, सुरक्षा कड़ी

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने ग्रेटर इंफाल क्षेत्र में सार्वजनिक शांति भंग करने, हिंसा फैलाने और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई शनिवार को चलाए गए विशेष अभियान के तहत की, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति बहाल करना और आगे किसी भी प्रकार की अशांति को रोकना था। रविवार को मणिपुर पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान युमनाम सोमनाथ उर्फ नोंगासाबा (21), निंगथौजम प्रेम सिंह (25), सोरोखैबम रुस्तम (25), न्गैरांगबम याइखोम्बा (25), वांगखेम इंगो मेइतेई (30) और मोइरांगथेम नाओबा मेइतेई (24) के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ये सभी आरोपित ग्रेटर इंफाल के कुछ संवेदनशील इलाकों में हिंसक गतिविधियों और अशांति फैलाने में कथित रूप से शामिल थे। इन गतिविधियों के कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई और कानून-व्यवस्था प्रभावित हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत कर दी है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने यह भी बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इन घटनाओं के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क या अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। जांच एजेंसियां इस मामले से जुड़े हर पहलू की गहन जांच कर रही हैं।
प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### ओडिशा में भीषण गर्मी का प्रकोप; 28 से पहले राहत की उम्मीद कम

**भुवनेश्वर :** ओडिशा इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है, जहां राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। पश्चिमी जिलों में तापमान लगभग 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि तटीय क्षेत्रों में गर्म और उमस भरा मौसम बना हुआ है, जहां तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रविवार को भी मौसम में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है और सोमवार को भी इसी तरह की स्थिति बनी रह सकती है। हालांकि, मंगलवार 28 अप्रैल से तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की मामूली गिरावट हो सकती है, लेकिन इससे ज्यादा राहत मिलने की संभावना कम है। मौसम विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि दक्षिण ओडिशा के कुछ इलाकों में रविवार को कालबैसाखी (नॉरवेस्टर) गतिविधि के कारण हल्की बारिश हो सकती है। यह स्थिति 1 मई तक बीच-बीच में बनी रह सकती है। अगले दो दिनों तक तटीय ओडिशा और आसपास के जिलों में गर्म और उमस भरा मौसम जारी रहने की संभावना है। बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, कटक, जगतसिंहपुर, पुरी, खुर्दा, नयागढ़, गंजाम, गजपति, झारसुगुड़ा, बलांगीर, संबलपुर और अंगुल सहित कई जिलों में लू चलने की आशंका जताई गई है। शनिवार को राज्य के कम से कम 17 स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। झारसुगुड़ा 44.1 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा, जो सामान्य से लगभग 3 डिग्री अधिक है। इसके अलावा, टिटिलागढ़ (43त्ड), बलांगीर (43.5त्ड), नुआपाड़ा (43त्ड), सुंदरगढ़ (42.8त्ड), संबलपुर और हीराकुंड (42.6त्ड), सोनपुर (42.3त्ड) और भवानीपटना (42.0त्ड) में भी उच्च तापमान दर्ज किया गया। वहीं, भुवनेश्वर और कटक में अपेक्षाकृत कम तापमान दर्ज किया गया, जहां पारा क्रमशः 36.6त्ड और 36.8त्ड रहा, जिससे अन्य क्षेत्रों की तुलना में थोड़ी राहत मिली। प्रशासन ने लोगों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

### शिव कुमार राय की जयंती पर ममता बनर्जी ने दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रसिद्ध नेपाली साहित्यकार और दूरदर्शी नेता शिव कुमार राय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि वह इस महान साहित्यकार और नेता को उनकी जयंती पर याद कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में शिव कुमार राय के साहित्यिक योगदान और समाज के प्रति उनकी दूरदर्शिता को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# उपायुक्त अन्यन मित्तल के योगदान देने के बाद से बदलने लगी हैं गढ़वा की तस्वीर





**विनय मिश्रा**

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2015 बैच के लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के के लिए पूरे राज्य में पहचाने जाने वाले अन्यन मित्तल के गढ़वा डीसी के रूप में योगदान देने के पश्चात से जनहित एवं जन सरोकार से जुड़े बेहतर माहौल को बनाने के लिए उपयुक्त पूर्ण रूप से कटिबंध हैं तथा इस विकास कार्यों मेंजुट गए हैं रात्रि बेला में औचक निरीक्षण सुविधाओं की जानकारी समस्याओं का निष्पादन आम लोगों के साथ-साथ जिला वासियों की सुधि लेने का कार्य इन दिनों जोरों पर है नए उपायुक्त के रूप में श्री मित्तल के योगदान देने के पश्चात से ही जिला वासियों को यह प्रतीत होने लगा है कि अब गढ़वा जिला का समुचित और बेहतर विकास होगा और यह धरातल पर उतरने भी लगा है भारतीय प्रशासनिक सेवा 2015 बैच के इस आइएसअधिकारी के पास लंबी प्रशासनिक अनुभव और कार्य दक्षता है श्री मित्तल सिमडेगा जिला के डीडीसी एवं रांची के डीडीसी भी रह चुके हैं । साथ ही साथ पश्चिम सिंहभूम चाईबासा पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के भी लोकप्रिय उपायुक्त के रूप में आज भी इनकी सशक्त पहचान है चाईबासा एवं जमशेदपुर में इनके द्वारा उपयुक्त के रूप में किए गए कार्य के फल स्वरुप आज भी विकास के लिए श्री मित्तल पहचाने जाते हैं उनके बेहतर कार्य के लिए उन्हें कई बार सम्मानित भी किये जा चुके है जो निश्चित तौर पर राज्य के लिए और जिले के लिए गौरव की बात है।

## भू-धंसान प्रभावित टंडाबाड़ी में खतरा बरकरार, 54 परिवार बेलगड़िया शिफ्ट



**संवाददाता**

**धनबादः** कतरास के सोनारडीह टंडाबाड़ी में भू-धंसान प्रभावित परिवारों को बेलगड़िया भेजने की प्रक्रिया शनिवार को जारी रही। प्रभावित क्षेत्र के 54 परिवारों को बेलगड़िया टाउनशिप शिफ्ट किया गया। शुक्रवार को 70 लोगो को भेजा गया था। कुल मिलाकर दो दिनों के दौरान प्रबंधन ने 124 लोगों को बेलगड़िया टाउनशिप भेजा गया है। हांलाकि कुछ लोग वापस भी यहां आ गये हैं। इसकी जानकारी प्रबंधन को नहीं है। प्रभावितों की मांग पर शनिवार की दोपहर समय बीसीसीएल धनसार रेस्क्यू की टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व आलोक राम कर रहे थे।टीम ने कुछ घरो से सामानो को बाहर निकाला। महेश कुमार हाड़ी के घर से कागजात,कपड़े व कीमती सामान,जबकि सूरज राम के घर से टीवी व कागजात निकाले गये। अन्य घरों में भी टीम घुसी। लेकिन, कोई सफलता नहीं मिली। टीम ने बताया कि स्थिति काफी रिस्की है। थोड़ा वक्त लगेगा। रविवार को भी रेस्क्यू टीम यहां मलबे में फंसे सामानों को बाहर निकालने का प्रयास करेगी। शनिवार को भू-धंसान की घटना जारी रही। क्षतिग्रस्त हुए आवास धीरे-धीरे दरक रहे हैं। सूचना पर बाघमारा अंचलाधिकारी गिरजा नंद किस्कू, क्षेत्र के जीएम विमला विजय कुमार, एजीएम जेके जयसवाल, एपीएम अमित कुमार महतो, प्रशासनिक पदाधिकारी अंकित श्रीवास्तव, मैनेजर अमित कुमार, सिक्यूरीटी इंचार्ज शशि रंजन,कार्मिक प्रबंधक आलोक राय, महुआ अंचल इंस्पेक्टर सहित सोनारडीह पुलिस मौके पर पहुंची। कोल अधिकारियों ने बेलगड़िया भेजे जा रहे प्रभावित परिवारों को समझाया-बुझाया। लोगों से कहा कि यह इलाका अब रहने लायक नहीं है। अधिकारियों ने बीसीसीएल के वाहन से कई परिवारों को बेलगड़िया के लिये रवाना किया।

दोपहर में बीसीसीएल ने साउथ गोविंदपुर मैदान में राहत शिविर शुरू किया। यहां पहले से मैदान में मौजूद सैकड़ों लोगो ने भोजन का आनंद लिया। जबकि वाहन से भेजे गये खाने को बाघमारा अंचलाधिकारी के सामने दर्जनों महिला-पुरुषों ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना था कि दो दिन से कुछ नहीं मिल रहा है। पानी तक के लाले पड़े हैं। बाघमारा सीओ ने काफी समझाया-बुझाया। लेकिन लोग नहीं माने और वापस भोजन गाड़ी को भेज दिया।

## विश्व मलेरिया दिवस पर प्रभात फेरी व जागरूकता रथ रवाना

**देवघरः** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमे जिला भी बी डी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव एवं जिला भीबीडी सलाहकार डॉ गणेश कुमार यादव द्वारा देवघर के लोगो को मलेरिया से बचने का संदेश देने के बाद प्रभात फेरी हेतु रैली एवं जन-जागरूकता रथ को संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया, जो पुराना सदर अस्पताल परिसर से निकलकर आर मित्रा प्लस टू स्कूल की तरफ से थाना रोड होते हुए बिग बाजार की तरफ से बैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन रोड, दीनबंधु स्कूल चौक तथा राय एंड कंपनी मोड की तरफ से टावर चौक मेन बाजार होते हुए पुनः पुराना सदर अस्पताल में समाप्त किया गया। इस दौरान ए एन एम टी स्कूल की छात्रा, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी के साथ एफ एल ए रवि सिन्हा, डीईओ कांग्रेस मंडल, एमपीडब्ल्यू राकेश कुमार, सपोर्ट स्टाफ एनयूएचएम अमरेन्द्र कुमार एवं एलटी बुद्धिनाथ झा सहित अन्य लोग शामिल हुए। मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम हेतु बुलंद नारों के साथ रैली निकाली गई। जिसमें विशेषतः बरसात का मौसम आने वाला है, सावधान हो जाएं, अपने आसपास जल जमाव ना होने दें। पानी जमा होगा जहां, मच्छर पनपेंगे वहां। यदि दूर रखती है मलेरिया की बीमारी, तो निभानी होगी सबको अपनी जिम्मेदारी आदि नारे लगाते हुए प्रभात फेरी निकले गए। अंत में मलेरिया रोकथाम हेतु सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ ग्रहण के साथ प्रभात फेरी को समाप्त किया गया।

घटते लिंगानुपात पर डीसी गंभीर, कहा--

## बेटियों को बचाने के लिए किसी भी हद तक जायेगा प्रशासन

**संवाददाता**

**जमशेदपुरः** जिले में गिरते लिंगानुपात और स्वास्थ्य सेवाओं की सुस्त रफ्तार पर डीसी राजीव रंजन ने कड़ा रुख अपनाया है। शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित मासिक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में डीसी ने दो टूक कहा कि बेटियों को बचाने के लिए प्रशासन किसी भी हद तक जायेगा। समीक्षा के दौरान डीसी ने लिंगानुपात के आंकड़ों पर गहरी नाराजगी जतायी। दो प्रखंडों पटमदा में 877 और घाटशिला में 877 लिंगानुपात पाया गया, जो जिले में सबसे कम है। डीसी ने प्रसव पूर्व लिंग जांच की आशंका जताते हुए सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों में सक्रिय अवैध नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड सेंटर और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई करें। बैठक में डीसी ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जिले की सभी 231 पंचायतों में अनिवार्य रूप से एक-एक ममता वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने और घर छोड़ने में कोई कोताही



बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, डॉ जोगेश्वर प्रसाद, डॉ रंजीत पांडा, डॉ ए मित्रा, डॉ मृत्युंजय धावड़िया सहित सभी एमओआइसी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद थे।

घर में होने वाले प्रसव पर जतायी चिंताः डीसी ने धालभूमगढ़ में 13, डुमरिया में 16, मुसाबनी में 12 और पटमदा में 20 प्रसव घर पर होने के मामले पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए ममता वाहनों का नेटवर्क मजबूत करना होगा। वर्तमान में निजी वाहनों और 108 एंबुलेंस की समस्याओं को देखते हुए अब हर पंचायत स्तर पर वाहन की टैगिंग की जायेगी। डीसी ने निर्देश दिया कि जिले की सभी 231 पंचायतों में अब कम से कम एक-एक ममता वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसका उद्देश्य सुदूर ग्रामीण इलाकों में होम डिलीवरी (घर पर प्रसव) के मामलों को शून्य पर लाना है। सरकार ने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ममता वाहनों का किराया तय किया है। अस्पताल जाने के लिए प्रथम 6 किमी के लिए 500 रुपये, उसके बाद 13 रुपये प्रति किमी है। अस्पताल से वापसी में 13 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान होता है।

## पत्थर खदान में डूबने से महिला की मौत

**धनबादः** बलियापुर थाना क्षेत्र के दुधिया गांव के समीप बंद पानी भरे पत्थर खदान में नहाने के क्रम में डूबने से गांव की हिरतेश मोदक की पत्नी अंगुरा देवी (35) की शनिवार की सुबह करीब नौ बजे मौत हो गयी। महिला दुधिया जोरिया के ऊपरबांधा नामक स्थल पर नहाने गयी थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोग चिंतित हो गये और उसकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान खदान के ऊपर उसका कपड़ा मिला। इसकी सूचना बलियापुर पुलिस को दी गयी। इसके बाद पुलिस पहुंची और झग्गड़ के सहारे खदान में उसकी तलाशी शुरू की गयी। कई घंटे बाद खदान में पानी के ऊपर शव आया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।

तीन मई को है बेटी की शादीः मृतका का एक पुत्र और एक पुत्री है। उसकी मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतका की पुत्री की शादी तीन मई 2026 को तय हुई है। लेकिन बेटी की शादी से पहले मां की मौत से गांव में मातम है। सूचना पाकर पूर्व मुखिया रफीक अंसारी, प्रदीप उपाध्याय आदि ने पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी।

## एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक से मिला मुस्लिम सेंट्रल अंजुमन का प्रतिनिधिमंडल, दी शुभकामनाएं



**चक्रधरपुरः** मुस्लिम सेंट्रल अंजुमन चक्रधरपुर का एक प्रतिनिधिमंडल हाजी अरशद अहमद खान की अध्यक्षता में नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सय्यद मोहम्मद मुस्तफा हाशमी से मुलाकात कर उन्हें उनकी पदस्थापना पर शुभकामनाएं दी। गौरतलब हो कि श्री हाशमी भारतीय पुलिस सेवा सेवा 2024 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।
प्रतिनिधि मंडल में हाजी हाकिम, मो तजम्मुल हुसैन जोनी, शाहिद नईम खान उपस्थिति थे।

## साइबर सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**चतराः** झारखंड सरकार से अनुमोदित तथा सीसीएल के सीएसआर फंड के सहयोग से संचालित बच्चों की डिजिटल दुनिया साइबर सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर संपन्न हुए जागरूकता कार्यक्रम के सफल छात्र-छात्राओं को प्लेयर एनजीओ संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी के मुताबिक चतरा जिले के टंडवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्लेयर एनजीओ संस्था के द्वारा संचालित ह्लबच्चों की डिजिटल दुनिया, साइबर सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्यह्व परियोजना के अंतर्गत एसएस + 2 हाई स्कूल टंडवा में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अगुवाई स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों द्वारा की गई।यह परियोजना झारखंड सरकार से अनुमोदित है तथा सीसीएल के सीएसआर फंड के सहयोग से संचालित की जा रही है।परियोजना के तहत टंडवा क्षेत्र के 10 विद्यालयों में स्कूली बच्चों को डिजिटल दुनिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जागरूक किया गया। इसमें मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा के उपाय,बढ़ते स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभाव और मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषयों पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।समारोह में 10 विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।इस दौरान कुल 51 छात्र-छात्राओं और 8 विद्यालयों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में संस्था के निदेशक-अधिशासी अजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति विशेष रही।उनके साथ संस्था के फील्ड स्टाफ निखत प्रवीण,प्रकाश एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर रविंदर सोनार सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे।यह पहल बच्चों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने की जानकारी देने के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस कार्यक्रम में बचरा हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार पासवान भी शामिल हुए।

विश्व मलेरिया दिवस पर अंतर्विभागीय बैठक सह उन्मुखीकरण

# शपथ ग्रहण व प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

**देवघरः** जिले के सिविल सर्जन डॉ। रमेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक अंतर्विभागीय बैठक सह उन्मुखीकरण एवं शपथ ग्रहण सह उत्कृष्ठ कार्य एवं सहयोग करने वाले को प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सदर अस्पताल सभागार, देवघर में पूर्वाह्न 11:00 बजे से किया गया। इस अवसर पर जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव, जिला भीबीडी सलाहकार डॉ गणेश कुमार यादव सहित डॉ संचयन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ के। के सिंह, जिला आरसीएच पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी एनयूएचएम, डॉ सुषमा वर्मा, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, देवघर सहित नगर विकास विभाग, एम्स देवघर, शिक्षा विभाग, सूचना जनसंपर्क विभाग, जेएसएलपीएस व अन्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण, डॉ गौरी शंकर, सचिव, आईएमए उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य मलेरिया उन्मूलन के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना और सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करना था।

बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए ठोस रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। देवघर जिले में मलेरिया के अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया तथा इसके




थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धः अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना ही होगा के अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने मलेरिया उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण कराया गया, जिससे सामुदायिक सहयोग और प्रशासनिक प्रतिबद्धता को बल मिला। कहा कि अब हमारे पास मलेरिया उन्मूलन के लिए आवश्यक साधन और विज्ञान उपलब्ध हैं, और हमें मिलकर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। बताया गया कि देवघर में वर्ष 2010 से 2025 के बीच मलेरिया रोगियों की दर में लगभग 87 प्रतिशत की कमी पायी गई। मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है। जिसके नियंत्रण के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार, एडवोकेशी, सोर्स रिडक्शन, त्वरीत जांच एवं इलाज पर बल दिया जाना है। ताकि वर्ष 2027 तक मलेरिया के स्वदेशी मामलों में कमी लाना एवं वर्ष 2023 तक मलेरिया उन्मूलन का भारत सरकार के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। आगे कहा कि मच्छर सिर्फ परेशानी पैदा नहीं करते है बल्कि ये मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि जैसे कई खतरनाक बीमारियों के वाहक भी होते है। इन्हीं बीमारियों के कारण मच्छरों को दुनिया का सबसे घातक जीव माना जाता है। इसके लिए एक व्यापक व एकीकृत मचछर प्रबंधन कार्यक्रम आवश्यक है। एक प्रभावी मच्छर प्रबंधन के लिए मुख्यतः चार स्तंभों पर कार्य करने पर बल दिया गया - 1। मच्छर निगरानी एवं रोग परीक्षण, 2। सार्वजनकि शिक्षा, 3। मच्छरों के लार्वा नियंत्रण कार्यक्रम एवं 4। व्यस्क मच्छर नियंत्रण कार्यक्रम। इस अवसर पर सिविल सर्जन द्वारा मलेरिया नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 18 पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके निरंतर परिश्रम और जनहित में किए गए योगदान की सराहना है। सिविल सर्जन डॉ। रमेश कुमार ने कहा कि 'मलेरिया से बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है। सामूहिक प्रयासों और विभागीय सहयोग से देवघर जिला को मलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त किया जा सकता है।

संदेशः 'मलेरिया उन्मूलन के लिए हर विभाग और हर नागरिक का सहयोग आवश्यक है। जागरूकता, रोकथाम और समय पर उपचार ही इस रोग से मुक्ति का मार्ग है।

विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल 2026 के अवसर पर अंतर्विभागीय बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम में डॉ। रमेश कुमार, सिविल सर्जन, डॉ। अभय कुमार यादव, जिला भीबीडी। पदाधिकारी, डॉ। संचयन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ। के के सिंह, जिला आरसीएच। पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, एनयूएचएम, डॉ। गौरी शंकर, सचिव-आईएमए, डॉ। गणेश कुमार यादव, जिला भीबीडी सलाहकार, नीरज कुमार भगत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम, सुशील कुमार दास, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस, ब्रजेश कुमार झा, जिला लेखा प्रबंधक, प्रवीण कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक, रवि सिन्हा, एफएलए, कांग्रेस मंडल, डाटा इंट्री ऑपरेटर, राकेश कुमार, एमपीडब्लू, देवघर एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।